


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 205 | ग्वालियर, गुरुवार 4 अप्रैल 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### केजरीवाल की याचिका पर हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, लिखित बयान देने को कहा



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल पर फैसला सुरक्षित रख लिया. केजरीवाल ने हाईकोर्ट में अर्जी दायर कर खुद की रिहाई की मांग की . 3 अप्रैल (बुधवार) को दोपहर करीब 12ः30 बजे सुनवाई शुरू हुई. इस पर अरविंद केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपनी दलील रखी और फिर, लंच के बाद ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा. केजरीवाल के वकील सिंघवी ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि चुनाव के समय में जो गिरफ्तारी हुई है. उसके कई मायने हैं. गिरफ्तारी का मतलब है कि वो चुनावी अभियान का हिस्सा न बने. न प्रचार प्रसार कर सकें. उन्होंने कहा कि कोर्ट को यह देखना होगा कि चुनाव में सभी पार्टियों को बराबर का मौका मिले. हाई कोर्ट में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच में सुनवाई के दौरान ईडी ने केजरीवाल के वीकलों के बीच अच्छी बहस हुई. केजरीवाल के तरफ से कोर्ट में दो वकील पेश हुए थे. दोनों एक-एक कर अपनी बात रख रहे थे. इसी दौरान ईडी ने वकीलों की दलीलों पर आपत्ति जताई है. एएसजी ने बताया कि आप तीन वकीलें नहीं रख सकते हैं. आप प्रभावशाली भी हैं तो भी आपको एक वकील रखने का हक है.

### मौसम को लेकर सरकार का अलर्ट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे देश में गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है. खासकर होली के बाद से तापमान में हुई अचानक वृद्धि ने लोगों को तौबा करा दी है. हालांकि अभी तक सुबह और शाम के मौसम में जरूर नमी बनी हुई थी, लेकिन मौसम में तल्खी दिखाई दे रही है. सुबह सूरज निकलने के बाद बढ़ने वाली तपिश लोगों का पसीना छुड़ा रही है. ऐसे में लोगों में मन में सवाल है कि क्या इस बार पिछले कुछ सालों के मुकाबले ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है. अगर भी ऐसा सोचते हैं तो आप सही हैं. क्योंकि इस बार देश में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने वाली है.

# अमित शाह की आज मुजफ्फरनगर में रैली

**नई दिल्ली।** बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए जोर शोर से प्रचार कर रही है. चुनावी रैलियों के लिहाज से आज का दिन बेहद खास होने वाला है क्योंकि आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत बीजेपी के कई दिग्गज नेताओं की यूपी के अलग-अलग शहरों में रैलियां है. जहां से वह केंद्र सरकार की दस साल की उपलब्धियों को गिनाते नजर आएंगे. साथ ही विपक्षी पार्टियों पर भी तीखा हमला बोलते दिखेंगे. गृहमंत्री अमित शाह आज (बुधवार) पश्चिमी यूपी के मुजफ्फरनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इनके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगरा में रैली करेंगे. वहीं बीजेपी के कई नेता पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन के समय मौजूद रहकर जनसमर्थन जुटाएंगे. बुधवार को गृहमंत्री अमित शाह दोपहर 12.30 बजे मुजफ्फरनगर के राष्ट्रीय इंटर कालेज, बुढ़ाना में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद वह करीब ढाई बजे मुरादाबाद में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे. इस बैठक में वह पहले और दूसरे चरण की सीटों को लेकर रणनीति तय करेंगे. जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार सुबह 10 बजे गाजियाबाद के घंटाघर इलाके के रामलीला ग्राउंड में बीजेपी प्रत्याशी अतुल गर्ग की नामांकन सभा में शामिल होंगे.

वहीं सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज



फतेहपुर सीकरी और आगरा लोकसभा क्षेत्रों में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे. सीएम योगी सुबह 11.30 बजे फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र के शमसाबाद इलाके में एपी इंटर कालेज में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे. उसके बाद वह दोपहर एक बजे आगरा के एमजी रोड स्थित सूरसदन आडिटोरियम में प्रबुद्ध सम्मेलन में लोगों को संबोधित करेंगे. इसके बाद सीएम योगी करीब शाम चार बजे वाराणसी के रोहनिया में बीजेपी क्षेत्रीय कार्यालय में लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में भाग लेंगे. वहीं कल यानी गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मथुरा में बीजेपी प्रत्याशी हेमा मालिनी के नामांकन में शामिल होंगे. इस दौरान वह नामांकन सभा को भी संबोधित करेंगे. गुरुवार शाम को ही सीएम योगी गोरखपुर पहुंचेंगे. जहां वह लोकसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक में शामिल होंगे. वहीं शुक्रवार यानी पांच अप्रैल से सीएम योगी चुनावी जनसभाओं की शुरुआत करेंगे. वहीं उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य पांच अप्रैल को अमरोहा, बिजनौर और नगीना चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे. वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी आज सुबह नौ बजे बागपत में एनडीए प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे. इसके साथ ही वह मुजफ्फरनगर में होने वाली गृहमंत्री अमित शाह की रैली में भी शामिल होंगे. वहीं बुलंदशहर में बीजेपी प्रत्याशी भोला सिंह की नामांकन सभा में भी मौर्य शामिल होंगे.

## छवि बिगाड़ने और परेशान करने के लिए सीएम को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने गिरफ्तारी को अवैध करार दिया. सिंघवी ने अपने मुवक्किल केजरीवाल के बारे में बताया कि उनकी गिरफ्तारी छवि बिगाड़ने और परेशान करने के लिए की गई है. बता दें कि केजरीवाल ने शराब नीति केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और निचली अदालत के जरिए न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की हाई कोर्ट में चुनौती दी है. हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान वकील सिंघवी ने कहा कि जिस तरह से पसंदीदा बयान लेकर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है. ये फिक्स्ड मैच जैसा लगता है. जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा की पीठ के समक्ष अभिषेक मनु सिंघवी ने सबसे पहले देर से आने के लिए पीठ से माफी मांगी. केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कहा कि पहला मुद्दा चुनाव में एक समान मौका मिलने से है. दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है, जो उन्हें राजनीतिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने से रोकती है. वोटिंग से पहले ही उनकी पार्टी को खत्म करने की कोशिश हो रही है. दिल्ली सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में कहा कि दो साल पुराने मामले में याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी हुई है. यह समय बहुत कुछ कहता है. मैं राजनीति की नहीं बल्कि कानून की बात कर रहा हूं. यहां गिरफ्तारी का समय स्पष्ट रूप से न्यायसंगत नहीं है. यह गिरफ्तारी असंवैधानिक है. उन्होंने आगे कहा कि समन भेजने लायक कोई मैटर ईडी के पास नहीं है. बिना पूछताछ और बयान लिए गिरफ्तारी की गई.



## चाय की दुकान पर पहुंचीं सीएम ममता बनर्जी, चाय बनाकर पिलाई

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों ने भी कमर कस ली है. देश में लोकसभा चुनाव सात चरणों में पूरा होना तय हुआ है. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल तो अंतिम चरण के लिए 01 जून को मतदान होगा, जबकि चुनावी नतीजों को घोषणा 04 जून को होगी. मतदान की तारीख नजदीक आता देख नेताओं ने चुनावी प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है. इस बीच अपनी उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने में जुटीं तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में एक स्थानीय चाय की दुकान पर चाय बनाकर लोगों को पलाई. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने राज्य की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीद उतार दिए हैं. हालांकि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया का हिस्सा रहते टीएमसी और कांग्रेस के बीच सीटों का बंटवारा तय माना जा रहा था. सूत्रों के अनुसार तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को चार सीटें ऑफर की थी, लेकिन कांग्रेस ज्यादा सीटों की डिमांड कर रही थी. दोनों पार्टियों के बीच कई दौर की बैठक के बाद भी जब मामला नहीं बना तो ममता बनर्जी ने राज्य की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर दिया. वहीं, कांग्रेस सांसद और पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी और ममता बनर्जी के बीच की तल्खी भी दोनों पार्टियों के बीच खटास का एक प्रमुख कारण बनी. इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में चाय बागान श्रमिकों से मुलाकात और बातचीत की. वहीं, मुर्शिदाबादः पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पश्चिम बंगाल अपराधियों का सबसे बड़ा आश्रय स्थान है क्योंकि यहां दीदी और उनकी पुलिस है. जहां शाहजहां बढ़ते हैं वहां नूरजहां द्वारा मदद होती ही है.

## भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पर अब एसी-टीवी वाले बंकरों में ठहर सकेंगे टूरिस्ट

***श्रीनगर।*** *इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़ दें तो 25 फरवरी 2021 के बाद से जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से सटी भारतीय सीमा पर गोलीबारी थमी हुई है। इसी शांति के बीच से बॉर्डर पर पर्यटन बढ़ाने का नया रास्ता निकला है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन बॉर्डर से सटी जीरो लाइन पर आधुनिक बंकर बना रहा है, जिनमें पर्यटक ठहर सकेंगे। ऐसे दो बंकर सांबा जिले में बॉर्डर के ठीक सामने तैयार हैं। इनमें जमीन से 20 फीट नीचे एसी, स्मार्ट टीवी, अलमारी सब रखे हुए हैं। सांबा के डिप्टी कमिश्नर अभिषेक शर्मा के मुताबिक यह प्रोजेक्ट का पहला चरण है। पिछले साल बॉर्डर के कुछ गांवों को पर्यटकों के लिए खोला गया था। उनकी आवाजाही को देखते हुए ही बंकर तैयार करने का प्लान आया। शर्मा ने बताया कि बंकरों में ठहरने के लिए अभी से पर्यटक इंक्वायरी कर रहे हैं। कुछ पर्यटक रुकने आने लगे हैं।*


STORME SMART SOLUTIONS

अपने स्वयं की गाड़ी चलाओ पैसे कमाओ

कमायें 5000 रु. प्रति माह



अपनी गाड़ी 300 Km. चलाओ

5000/- प्रतिमाह कमाओ

9908750812, 8602854455, 9244933139

Old Railway Line, Near Sciendia Chauraha, Shatabdi Puram

Gwalior, Madhya Pradesh 474020

Website : www.stormesmartsolutions.com

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पार्टी प्रत्याशी

# संध्या राय के साथ मैं एक गिलहरी की भूमिका में खड़ा रहूँगा : पूर्व सांसद रामलखन सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए भिण्ड दतिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी एवं सांसद श्रीमती संध्या राय के साथ मैं एक गिलहरी की भूमिका में खड़ा रहूँगा,उन्होंने कहा लक्ष्य केन्द्रीय नेतृत्व ने 400 पार का दिया है,हम सब संगठित होकर अपने-अपने बूथों पर पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा पाराकाष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगें। यह उद्?गार भाजपा में शामिल हुये पूर्व साँसद डॉ. रामलखन सिंह कुशवाह ने अपने प्रथम नगर आगमन के दौरान पार्टी कार्यालय महारानी अवंतीबाई छात्रावास परिसर में धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुये कही।

पूर्व भाजपा साँसद डॉ. रामलखन सिंह ने धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुये कहा कि मैं हमेशा भाजपा की विचार धारा से कभी नहीं हटा, पार्टी ने मुझे विधायक और चार बार साँसद बनाया।भाजपा ऐसा राजनीतिक दल है,जहाँ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्र के विकास के लिए गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अतिम छोर के व्यक्ति को आत्म निर्भर विकास की दिशा से जोड़ने का काम किया है। पूर्व सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में भिण्ड दतिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए आर्थिक राशि उपलब्ध कराकर जनसेवा भाव से कार्य किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी जी से बस में मिलने जाता था तो भिण्ड दतिया के विकास की वह चिंता करते थे,और विकास के लिए अधिक पैसा दिया करते थे। उन्होंने कहा अटल जी महान व्यक्ति थे जो हमेशा हर वर्ग समाज के लिए योजनाएं बनाकर धरातल पर उतारने का कार्य किया।

पूर्व सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि 07 मई को होने जा रहे भिण्ड - दतिया लोकसभा चुनाव में सभी लोग अधिक से अधिक मतदान कर और पार्टी प्रत्याशी संध्या राय को आशीर्वाद प्रदान करें। भाजपा साँसद



एवं भिण्ड दतिया लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने कहा कि आप ने मुझे पिछले पाँच वर्षों में साँसद बनाकर सेवा करने का अवसर दिया पार्टी के नेतृत्व में मुझ पर पुन विश्वास व्यक्त करते हुये आपकी सेवा के लिए प्रत्याशी बनाकर भेजा है,मैं आपको विश्वास दिलाती हूँ , जो मुझ पर गलतियाँ हुई हों, उन्हें माफ करें मैं स्वंय सुधार कर आपकी जनसेवा करने से पीछे नहीं हटूंगी, और उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में में हमेशा उनकी गारंटी के साथ आप सभी के बीच ढाल और चट्टान बनकर खड़ी रहूँगी,आप मुझे आशीर्वाद देंगें तो निश्चित ही विकास की योजनाऐं लाकर भिण्ड दतिया को विकसित क्षेत्र बनाने की कोशिश करूंगी। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया ने कहा कि भाजपा एक ऐसा परिवार है, जिसमें पूर्ण सम्मान प्रत्येक कार्यकर्ता को मिलता है,आज पूर्व साँसद डॉ रामलखन सिंह पुन भाजपा में शामिल हुये,जिला भाजपा की और से मैं उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ, उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना कश्मीर से धारा 370, नागरिकता कानून लागू कर राष्ट्रहित में कार्य किया है। जिन्होंने इस भारत को गरीबी रेखा से बाहर निकालकर एक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। आप सभी से निवेदन है,कि भिण्ड दतिया से भाजपा प्रत्याशी संध्याराय को आशीर्वाद प्रदान करते हुये उन्हें दिल्ली पहुंचाएं ताकि उनकी सरकार बनाने में मुख्य भूमिका हो। इस अवसर पर भिण्ड दतिया लोकसभा चुनाव संयोजक अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट,पूर्व जिलाध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया,पूर्व जिलाध्यक्ष वरिन्द्र सिंह राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश दुबे, पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. गुलाब सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर,जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया,जिला महामंत्री धीर सिंह भदौरिया,पार्टी के वरिष्ठ नेता जण्डेल सिंह कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष उपेन्द्र शर्मा, एवं आभार व्यक्त महाराणा प्रताप मण्डल के अध्यक्ष शेरू पचौरी द्वारा किया गया। सर्व प्रथम होशंगाबाद से आये गायक कलाकार अनूप रिहारिया ने भजनों की सुन्दर प्रस्तुतियों के साथ अपना समा बांधा।

## पांच दिवसीय फाग लोकोत्सव में आज होंगे लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रम

**अभिषेक कुशवाह**

**सिरोंज।** होली के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय फाग लोकोत्सव कार्यक्रम में आज दिनांक 4 अप्रैल से 8 अप्रैल तक प्रतिदिन श्री महामाई मंदिर के पास ग्राम वीरपुर में लोकगीत एवं लोकनृत्य कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अवसर पर आज रात्रि 9 बजे देश के सुप्रसिद्ध लोकगीत गायक जित्तू खरे एवं उनकी पार्टी द्वारा मनमोहक बुन्देली लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी जावेगी। **कल होगा राजस्थान का घूमर नृत्य**-फाग महोत्सव कार्यक्रम में कल 5 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से राजस्थान के प्रसिद्ध घूमर नृत्य की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर 6 अप्रैल शनिवार को ब्रज का प्रसिद्ध रास एवं लोकनृत्य का आयोजन होगा। फाग महोत्सव में 7 अप्रैल दिन रविवार को देश के प्रसिद्ध लोकगीत गायक देशराज नरवरिया द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति दी जावेगी। इस फाग महोत्सव के समापन पर 8 अप्रैल सोमवार को प्रसिद्ध लोकगीत गायक बलबीरसिंह राजपूत द्वारा लोकगीत एवं लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी जावेगी।



## शिविर शिविरार्थियों के समग्र व्यक्तित्व को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है: प्राचार्य





अंबाह- स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय अंबाह के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो विश्वास मेढेकर ने कहा कि शिविर स्वयंसेवकों को समग्र व्यक्तित्व को विकसित करने का अवसर प्रदान करता है, साथ ही छात्रों को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित करता है क्योंकि अनुशासन ही जीवन में अग्रसर होने की कुंजी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रासेयो जिला संगठक डॉ. शशिवल्लभ शर्मा ने कहा कि शिविर शिविरार्थियों को बेहतर मंच देता है तथा शिविर के दौरान श्रम, सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों से विद्यार्थी समाज से जुड़ता है और जीवन में प्रगति के कौशल सीखता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रक्षा कम्ठान ने मंच का संचालन किया साथ सात दिन का शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पूर्णिमा अग्रवाल एवं डॉ.पंकज भदौरिया के द्वारा अतिथिगण एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापको एवं समाजसेवी व ग्रामीण जनों का आभार ज्ञापित किया।

ब्राह्मण समाज के होली मिलन सम्मेलन में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं जिन्होंने

# सनातन धर्म के विकास और विस्तार के बारे में सोचा है

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। चुनावी जंग में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए केंद्रीय मंत्री और गुना लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया कल रात को शिवपुरी पहुंचे जहां उन्होंने ब्राह्मण समाज के साथ होली मिलन समारोह किया। समारोह के दौरान समाज के कई दिग्गज जैसे मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा और सुरेश पचौरी भी सभा में शामिल हुए। ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए सिंधिया ने बताया कि ब्राह्मण समाज वह समाज है जिसने समाज में विकास की एक नई चेतना जागृत करने का कार्य किया है। भगवान परशुराम से लेकर ऋषि ददीचि और हमारे अनेक स्वतंत्रता सेनानी, सभी ने देश और समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। देश में हो रहे आध्यात्मिक और आर्थिक विकास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का ही नेतृत्व है कि आज राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का 500 साल पुराना सपना आज पूरा हुआ है। एक मोदी ही है जिन्होंने हर समाज के बारे में सोचा, जिन्होंने देश के सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है और जो भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। एक ही प्रधानमंत्री मोदी जी हैं जिन्होंने सनातन धर्म को उजागर किया है, जो ÷युवा, महिला किसान, गरीब÷ इन चारों जातियों के लिए काम करते है



और एक ही मोदी जी हैं जो विश्व पटल पर भारत की एक अनोखी पहचान बना रहे हैं।

सभा में भाजपा नेता नरोत्तम मिश्रा ने भी सिंधिया की जमकर तारीफ की। उन्होंने चुनाव समिति की बैठक के एक किस्से के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि, समिति के बैठक में हर क्षेत्र चाहता था की सिंधिया जी वहां से लड़े - ग्वालियर, मुरैना, मालवा। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से पूछा गया कि आप कहां से लड़ना चाहते है तो सिंधिया ने बोला की शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में मेरे प्राण बस्ते है। ब्राह्मण समाज से सिंधिया परिवार के रिश्ते के बारे में बताते हुए सिंधिया ने बोला की इतिहास उठाकर देखें तो जब पुर्तगालियों ने ब्राह्मण समाज पर अत्याचार किए तो उस समय ब्राह्मण समाज को भरोसा था मराठों की केसरिया तलवार पर, और वह बाजीराव पेशवे के भाई चिम्नाजी अप्पा पेशवे से मदद माँगने गए, छत्रपति से आज्ञा ले, चिम्नाजी ने ब्राह्मणों की मदद करना स्वीकार किया। और चिम्नाजी की तलवार बने सिंधिया योद्धा। मेरे पूर्वज श्रीमंत राणोजीराव सिंधिया ने तलवार उठाई और ब्राह्मण समाज पर अत्याचार करने वाले पुर्तगालियों को पराजित किया। अनेक ब्राह्मण वीरों को सिंधिया फ़ौज में जगह मिली और यही नहीं ब्राह्मण वीर बाजीराव पेशवा द्व जी की समाधि का निर्माण भी मेरे पूर्वज और बाजीराव जी के मित्र श्रीमंत राणोजीराव सिंधिया जी ने करवाया। उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस आज राम लीला मैदान में रैली कर रही है, पर यही कांग्रेस राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान नही गई। कांग्रेस के एक सदस्य के नाम में भी ÷सीता राम÷ है पर वो भी प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए। इसीलिए यह सत्य की असत्य के विजय की और धर्म की अधर्म पर जीत की लड़ाई है, जिसे हमें हर हाल में जीतना है।

## मतदान केंद्रों पर सतत् भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें सेक्टर ऑफिसरः कलेक्टर

### कोई भी मतदाता मतदान से छूट न पाए'' बी एल ओ सुपरवाइजर बी एल ओ के माध्यम से भरवाए जा रहे फार्म 12 डी पर सतत निगरानी रखें

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा क्षेत्र 11 लहार में जिला दंडाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी एल के पांडे के आदेश अनुसार एवं एसडीएम लहार एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री विजय सिंह यादव के निर्देशानुसार आज नगर पालिका सभागार लहार में सेक्टर ऑफिसर्स एवं बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक तहसीलदार लहार डॉ. उदय सिंह जाटव द्वारा ली गई जिसमें सभी बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिए की बी एल ओ के माध्यम से वितरित किए जा रहे। फार्म 12 डी जो एब्सेंटी वोटर्स के लिए भरवा जा रहे हैं उन पर सतत निगरानी रखें कोई भी मतदाता मतदान से छूट न पाए। बैठक में मिहोना तहसीलदार महेश कुमार एवं निर्वाचन सुपरवाइजर कमलेश झा सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी सेक्टर ऑफिसर अपने-अपने क्षेत्र में जाकर अपने अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मतदान केंद्र का प्राथमिकता एवं गंभीरता के साथ सतत भौतिक सत्यापन करें एएमएफ की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में भरकर सोमवार तक प्रस्तुत करें यदि किसी मतदान केंद्र पर इलेक्शन कमीशन के निर्धारित मापदंड अनुसार कोई व्यवस्था न पाई जाए तो उसका तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करें जिससे संस्था प्रमुख के माध्यम से उसको यथा समय दुरुस्त कराया जा सके अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की समस्त जानकारी का प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करें एवं दिनांक 5 अप्रैल 2024 को जिला स्तर पर होने वाली निर्वाचन बैठक में संपूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।




## सेवानिवृत होकर आए पैरा कमांडो का कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं ग्रामवासियों ने किया स्वागत


दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । स्पेशल पैरा कमांडो से सेवानिवृत होकर आए रंजीत परमार का कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने बुधवार को उनके ग्रह निवास पहुंचकर न सिर्फ माला पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की बल्कि अपने जीवन का एक हिस्सा देश सेवा में समर्पित करने पर उन्हें बधाई भी दी। श्री परमार में देश सेवा का भाव बचपन से था। 17 साल राष्ट्र सेवा कर घर लौटे रंजीत परमार का उनके ग्रह ग्राम नुंनहाटा में भी जोरदार स्वागत किया गया। भिण्ड जिला हमेशा से ही देश सेवा के लिए समर्पित रहा है। जिले के प्रत्येक युवा के मन में देश सेवा का भाव रहता है। बुधवार को सेवानिवृत्त होकर आने पर स्टेशन से उनके ग्रह निवास तक कई युवाओ एवं ग्रामीणजनों के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वही कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने उनके ग्रहनिवास पर पहुँचकर माला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

# अवैध शराब के साथ मौ थाने की पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

मैं उनि. एल. के गुबरेले थाना मौ में पदस्थ होकर कार्यरत हूँ। आज दिनांक 02-04-2024 को थाने से मय आर. 1255 नीरज, आर. 897 सत्यप्रपात मय शासकीय वाहन के रवाना होकर कस्वा मौ में लौहारपुरा मोड़ पहुंचे वहाँ पर सउनि0 नेतराम सउनि0 रामविलास शर्मा, आर0 417 शत्रुघन, आर0 470 भ्रमण करते हुये रंजीत सिंह, 1091 जहीर खान, आर0 930 ओमवीर, म0आर0 1260 अंचल, आर0 चालक 1372 अचित्र गिले सभी को साथ लेकर लौहारपुरा भ्रमण हेतु जा रहे थे मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि झिलमिल नदी की धार होली डांडे के पास एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की बोरियों में शराब ले जाने एवं बिक्री करने के लिये किसी वाहन के इंतजार में खड़ा हुआ है। मुखविर की सूचना से हमराह फोर्स को अवगत कराया बाद मय बल के मुखविर सूचना की तस्दीक हेतु मुखविर के बताये स्थान लौहारपुरा के नीचे झिलमिल नदी की धार होली डांड़े के पास पहुंचे वहां पर एक व्यक्ति दो प्लास्टिक की बोरियों को अलग अलग हाथ से उनके मूँह पकड़े हुये खड़ा था बोरियाँ जमीन पर रखीं थी



तब उस व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जयवीर सिह पुत्र दौलत सिंह यादव उम्र 57 साल नि0 वार्ड क्र0 01 लौहारपुरा मौ का होना बताया फिर मैंने उससे पूछा इन बोरियों में क्या हैं तो उसने कहा कुछ नहीं कुछ नहीं बाद मौके पर कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं होने से स्वरु पंचान आर0 1255 नीरज, आर0 417 शत्रुघन के समक्ष उक्त दोनों प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरियों को खोलकर चैक किया तो एक प्लास्टिक की बोरी में चार खाकी रंग की गत्ते की पेटी व दूसरी प्लास्टिक की बोरी में तीन खाकी रंग की गत्ते की पेटी कुल 07 खाकी रंग की गत्ते की पेटी मिली प्रत्येक पेटी में पचास पचास क्वाटर कुल 350 क्वाटर प्रत्येक क्वाटर 180 एमएल के हिसाव से कुल 63 लीटर देशी मदिरा प्लेन पायी गयी प्रत्येक क्वाटर 90 रुपये के हिसाव से कुल कीमती 31500 रुपये के मिले बाद जयवीर सिंह से अवैध शराब रखने व ले जाने वावत् वैध लाईसेंस चाहा न होना बताया जयवीर सिंह का यह कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय होने से उपरोक्त पंचान के समक्ष खाकी रंग की गत्ते की 07 पेटी में कुल 350 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन को विधिवत जप्त कर प्रत्येक पेटी में से दो दो क्वाटर कुल 14 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन के सैम्पल निकालकर जांच हेतु पृथक कर मौके पर जप्ती चिट तैयार कर उक्त जप्त शुदा माल को मौके पर उपरोक्त पचानों के समक्ष विधिवत जप्त कर पंचनामा जप्ती तैयार किया गया व उक्त जप्त शुदा माल को मौके पर शील बन्द किया गया बाद उक्त पंचान के समक्ष आरोपी जयवीर सिंह पुत्र दौलत सिंह यादव उम्र 57 साल नि0 वार्ड क्र0 01 लुहारपुरा मौ को विधिवत गिरफ्तार कर पंचनामा गिरफ्तारी तैयार किया गया बक्त गिरफ्तारी जामा तलाशी ली तो पहने हुये कपड़ों के अलावा अन्य कोई सह नहीं मिला। आरोपी जयवीर की गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गयी बाद मय गिर. शुदा आरोपी मय जप्तशुदा माल मय हमराही फोर्स मय शासकीय वाहन व प्राईवेट वाहन के वापस थाना आया। वापसी पर गिर. शुदा आरोपी को बंद हवालात कर संतरी पहरा सुपुर्द किया एवं जप्त शुदा माल एचसीएम प्रआर 398 इरशाद अली को सुपुर्द किया गया । वापसी पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा आज भरेंगी नामांकन फॉर्म

## प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की रहेगी मौजूदगी, पूरे जिले भर से आएंगे समर्थक

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।** लोकसभा क्षेत्र रीवा की कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा सुबह 11:00 बजे अपना नामांकन फार्म कलेक्ट्रेट में भरेगी। इस दौरान पूरे जिले से उत्साहित कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया है कि सुबह 10:00 बजे सभी कांग्रेस कार्यकर्ता वृंदावन गार्डन में एकत्र होंगे और उसके पश्चात कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचेंगे जहां नामांकन फार्म जमा किया जाएगा। नामांकन फार्म जमा करने के पूर्व वृंदावन गार्डन से लेकर कलेक्ट्रेट तक एक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ गोविंद सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, मनोज सराफ, चुनाव सह प्रभारी सुखेंद्र सिंह बन्ना आदि भी शामिल होंगे। इस संबंध में यह भी बताया गया है कि नामांकन पत्र जमा होने के बाद वृंदावन गार्डन में ही एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने समस्त जिला पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्षों मंडलम, सेक्टर, प्रभारी तथा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।




**सभी विधानसभा क्षेत्रों से आएंगे लोग-** इस संबंध में कांग्रेस द्वारा दी गई। जानकारी के अनुसार रीवा जिले की सभी विधानसभा क्षैत्र के प्रत्याशियों के अलावा सेमरिया से निर्वाचित विधायक अभय मिश्रा नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसी प्रकार हर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रभारी सेक्टर प्रभारी, मंडलम अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूद रहने को कहा गया है वही शहरी क्षेत्र के पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। इस संबंध में क्षेत्रीय प्रभारियो को निर्देशित कर दिया गया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में यहां पर पहुंचे।

# ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी मय मोटर सायकल के साथ किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिह राठौड़ जी के व्दारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन अवैध शराब लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये थे उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं सीएसपी शिवपुरी श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे दिनांक 2.4.2024 को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति अलग-अलग मो.सा से दो बत्ती गोरीकुण्ड होते हुए झांसी तरफ स्मैक लेकर जा रहे है मुखबिर सूचना पर से शमसान घाट की पुलिया पर चैकिंग लगाई गई चैकिंग के दोरान दोनो मो.सा. चालको को रोकने का प्रयास किया गया जिसमे से एक प्लेटीना मो.सा चालक मौके से फरार हो गया एवं आरोपी मनीष उर्फ टिंकल



पुत्र मांगीलाल शर्मा उम्र 30 साल निवासी रुकासाना वैगम का मकान फंक्कड कॉलोनी शिवपुरी के कब्जे से 15.71 ग्राम स्मैक पाउडर एवं लाल काले रंग की मो.सा. क्र. 33-3093 को जप्त किया गया है तथा एक अन्य आरोपी रोहित चौहान निवासी काली माता मंदिर के पास पुरानी शिवपुरी का मौके पर अपने प्लेटिना मो.सा. एम पी 33 एम जेड 3168 को छोडकर भाग गया जिसकी मो.सा. के सीट के नीचे से आरोपी मनीष की निशादेही पर स्मैक तोलने वाला कांटा ट्रान्सपेरेन्ट पन्नी, सिल्वर पैपर जप्त की गई वापसी पर अपराध क्रमांक 78/24 धारा 8/21 एन डीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक निरोध मे भेजा गया है।

**बरामद माल-** 15.71 ग्राम स्मैक कीमती करीब तीन लाख तीस हजार रुपये एवं दो मो.सा. कुल माल कीमती करीब 460,500 रुपये

**सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्यवाही में निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, सउनि हरीश सोलंकी सउनि बलवीर सिह कौरव प्रआऱ 798 सत्यवीर सिह प्रआर 05 केशव तिवारी आर. 68 विजय मीणा, आर. 897 शकील खाँन, आर. 1131 प्रेम सिंह रावत, सैनिक 288 रिन्कू बाथम प्रआऱ चालक 585 जितेन्द्र परिहार।

# लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन तथा श्रीमान एस.डी.ओ.पी. पोहरी सुजीत भदौरिया के निर्देशन सम्पूर्ण जिले में लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के मद्दे नजर अवैध शराब, अवैध हथियार व फरार स्थाई वारंटी के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही को लेकर माननीय न्यायालय के प्र.क्र. 2086/2019 में स्थाई वारंटी बलवीर यादव पुत्र हरीसिंह यादव उम्र 38 सल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना पोहरी जिला शिवपुरी का जो काफी समय से फरार चल रहा था वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त स्थायी वारंटी को आज दिनांक 03.04.2024.2024 को गिरफ्तार किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में निरी. रविशंकर कौशल, उनि. रामेश्वर शर्मा, उनि. चेतन शर्मा, प्र.आर. 143 कौशलेन्द्र सिंह तोमर, आर. 257 मुकेश परमार, आर. 1048 कुलदीप शर्मा, आर. 247 मुनेश धाकड़, आर. 813 सदन भिलाला की सराहनीय भूमिका रही।



# अबैध 315 बोर देशी कट्टा मय लोडेड जिन्दा राउण्ड के साथ शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी-आगामी लोकसभा चुनाव को मद्दे नजर रखते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन मे अवैध हथियारों, स्थाई बारंटियों, अवैध गतिविधियों एवं अपराधों मे फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान चलाया जाकर कार्यवाही की जा रही है। अभियान के दौरान अति पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जितेन्द्र सिह मावई व उनकी पुलिस टीम के द्वारा लगातार अपराधियों पर कार्यवाही के दौरान भैरौ बाबा मंदिर के पास राजपुरा रोड पुरानी शिवपुरी से पूर्व से अपराधों में संलिप्त सातिर बदमाश आरोपी शान उर्फ शाईन पुत्र स्व. राजू मोहम्मद खान उम्र 25 साल निवासी छोटा लुहारपुरा दारूगर मोहल्ला पुरानी शिवपुरीके कब्जे से एक 315 बोर देशी कट्टा मय एक लोडेड जिंदा राउण्ड के अबैध रूप से रखे पाये जाने पर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी को जेल भेजा गया । सराहनीय भूमिका-निरीक्षक जितेन्द्र सिंह थाना प्रभारी देहात, उनि जे.बी. सिह बैस. प्रआर. 380 धर्मेन्द्र सिंह सेगर, प्र.आर. 499 देवेन्द्र सेन, प्रआर. 844 केशव राजावत,प्रआर.808 अजय शर्मा आर. 259 शरद यादव, आर. 511 बदन सिंह ,आर. 991 देवेन्द्र सिह, आर. 580 दिलशाद थाना देहात की मुख्य भूमिका रही है ।

# पिछोर एसडीएम ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित 9 कर्मचारियों को दिए नोटिस

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पिछोर, लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए विधानसभा क्षेत्र 26 पिछोर के मतदान दल में लगे कर्मियों का प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यालय पिछोर मे आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिऐ सात कक्ष बनाए गए हैं जिसमें प्रत्येक कक्ष में 40-40 कर्मचारीयों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह प्रशिक्षण दो पालियों में संचालित किया जा रहा है प्रथम पाली 10 से 01 बजे तक तथा द्वितीय पाली 02 से 05 तक रखी गई है, प्रत्येक पाली मे 280 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें कुल 23 मास्टर ट्रेनर है जिनके द्वारा सभी मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



सहायक रिटर्निंग अधिकारी जेपी गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सभी कर्मचारीयों को बताया कि आप लोग इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, यदि आप लोगों को जो भी बात समझ में नहीं आती है वह मास्टर ट्रेनर से बार-बार प्रश्न कर पूछ सकते है। जब तक आपकी समझ में न आ जाए। आपको प्रशिक्षण के दौरान वैलेट यूनिट,बीवीपेट, कंट्रोल यूनिट आदि मशीन भी रखी गई है जिनको किस तरह सेट करना है कैसे उपयोग में लाया जाना है यह अच्छी तरह से सीखें। प्रशिक्षण में जो कर्मचारी उपस्थित नहीं होते हैं, उन पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया सुबह की पाली में तीन पी2 तथा दो पी3 तथा दूसरी पाली में एक पी1तथा तीन पी2 कुल नौ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए जिनको नोटिस जारी किए गए। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर, खनियाधाना सीईओ मोगराज मीना,पिछोर नगर पंचायत सीएमओ आनंद शर्मा, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन, पंचायत इंस्पेक्टर रामकिशन टेंगर, पिछोर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता, निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी उपस्थित रहे।



# रोहित गुर्जर मानपुर को जयपुर में श्री राम मंदिर अयोध्या का चंदन की खुशबू से सुगंधित डाक टिकट भेंट किया गया

## छटाई डाक सहायक हरिमोहन अवस्थी द्वारा रोहित गुर्जर को राम जन्म भूमि भारतीय डाक टिकट का सेट किया भेंट

मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कार्यालय में डाक विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ छटाई डाक सहायक हरिमोहन अवस्थी से मुलाकात की। हरीमोहन अवस्थी ने अयोध्या की मिट्टी, सरयू नदी के जल के साथ विश्व के विभिन्न देशों से आये राम पर बने टिकटों की पुस्तक भेंट की। इन टिकटों पर राम जन्म भूमि के जल और मिट्टी का समावेश किया गया है और इन टिकटों में चंदन की खुशबू है जो दिव्यता की सुगंध का प्रतीक है। रोहित गुर्जर ने बताया कि अयोध्या के राम मन्दिर पर छः स्मारक डाक टिकट का सेट जारी किया गया है। इन डाक टिकटों में राम जन्म भूमि की मिट्टी एवं जल को अन्तर्निहित करते हुए इसमें चन्दन की खुशबू का समावेश किया गया है। यह डाकघरों में बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

# अबैध शराब के विरूद्ध चलाया जा रहा अभियान

पिछोर बामोर, पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पिछोर द्वारा अबैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के पालन में आज दिनांक 03.04.2024 को सूचना पर कंजर डेरा (घर) शांति नगर बामौरकलां पर दबिश दी तो पुलिस को देखकर एक महिला उसके पास रखी केनों में देशी शराब को फेलाने का प्रयास करने लगी तो पुलिस ने अभिरक्षा मे लेकर उससे नाम पता पूछा अपना नाम श्रीमती सविता पत्नी सोनू (कंजर) उम्र 36 साल निवासी कंजर डेरा शांतिनगर बामौरकलां होना बताया उक्त आरापिया के कब्जे से दो केनो में हाथ भट्टी की कच्ची शराब 35 - 35 लीटर कुल 70 लीटर की जप्त की गई कीमत 7000 रूपये है। एवं मौके पर से 04 बडे बडे ड्रमों में भरा करीब 1000 लीटर गुड लाहन नष्ट किया व मौके पर भट्टी नष्ट की गई जिनकी कीमत 12000 रूपये होगी। जिस पर अप0क्र0 49/2024 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि0 नीतू सिंह धाकड, सउनि सत्येन्द्र सिंह जादौन, सउनि छोटेलाल लववंशी, प्रआर0 845 ओमप्रकाश राठौर, आर0 764 आकाश सिंह, आर0 687 शंकर भाबर, आर0 568 सुनील योगी, आर0 855 हरीकृष्ण जाट थाना बामौरकलां, म0आर0 514 ज्योति गुप्ता थाना पिछोर की सराहनीय भूमिका रही है।

# पुलिस थाना मायापुर व्दारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहर्ता नाबालिक को किया दस्ताव

**मायापुर।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन मे एवं एसडीओपी अनुभाग पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे आपरेशन मुस्कान के अभियान के तहत आज दिनांक को थाना हाजा के अप.क्र.67/24 धारा 363 ताहि की अपहर्ता कुमारी स्वार्थी पुत्री अरविन्द लोधी उम्र 16 साल निवासी ग्राम पायगा को दस्तयाव किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मायापुर निरीक्षक नीतू सिंह, उनि चन्द्रभान सिंह भदौरिया, आर.977 सहदेव तोमर, आर.468 विक्रांत शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

## जिले के अलावा तहसील स्तर पर भी कंट्रॉल रूम नंबर का प्रचार-प्रसार करायें

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना एवं पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन से जुड़े समस्त अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि जिला एवं तहसील स्तर के दूरभाष नंबरों का प्रचार-प्रसार करायें, ताकि जिले में कहीं भी किसी अप्रिय घटना होने पर तत्काल दूरभाष के माध्यम से आपदा से बचने के लिये इंतजाम हो सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, सीएमओ एवं तहसीलदार उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि गर्मियों को ध्यान में रखते हुए सभी तहसील स्तर पर मेडीकल किट रखवाई जायें, हर पंचायत में लू से बचने के लिये भी ओआरएस सहित मेडीकल किट मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के लिये भी ओआरएस का पैकेट भी किट में रखा जाये। कलेक्टर ने कहा कि कंट्रोल रूम पर फायर ट्रेक्टर चालक के मोबाइल नंबर एवं नाम रखे जायें, इसकी जानकारी भी तहसीलों में भी सूची सहित होनी चाहिये। आग लगने की सूचना पर तत्काल कंट्रॉल रूम या तहसील स्तर



से फायर ट्रेक्टर को सूचित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि चम्बल नदी में बाड़ की स्थिति निर्मित होने से मुरैना जिले के लगभग 68 गांव प्रभावित होते है। इसलिये उन गांवों को ऐसे चिन्हित करें, कि प्रारंभिक वाटर लेवल बड़ने से कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे, जल स्तर और अधिक बड़ने से फिर कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे और वाटर लेवल खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने पर कौन-कौन से गांव डूब में आयेंगे। इस प्रकार की जानकारी सबलगड़, जौरा, मुरैना, अम्बाह और पोरसा के तहसीलदारों पर होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जो गांव डूब में आते है, उन गांवो में दीवार पर पेंट कराकर फायर एम्बूलेंस, संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर एवं कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर अंकित कराया जाये। इसके साथ ही उस स्थान का नाम भी अंकित कराया जाये, कि गांव में पानी भरने के बाद गांव के सभी लोग बाहर निकलकर किस स्थान पर अस्थाई तौर पर शिफ्ट हो। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने के लिये भी वह एक एम्बूलेंस कॉल करने के लिये नंबर जारी करे। उन्होंने सिंचाई, पीएमजीएसवाय, इआरईएस, पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि ऊपरी क्षेत्र में अधिक बरसात होने से पुल-पुलियों पर पानी ओवरफ्लो होता है, वहां लोगों को निकलने में जनहानि न हो। इसलिये उन स्थानों को चिन्हित कर अभी से संज्ञान में ले लिया जाये। कलेक्टर ने विद्युत मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि विद्युत तारों के टूटने से कई स्थानों पर आगजनी की घटनायें देखने को मिलती है। अक्सर फसल कटाई का समय है, तो क्षेत्र में विद्युत लाइनों का परीक्षण कर लें, ऐसी कोई स्थिति न बने और यह भी सुनिश्चित करें कि पिछले 5 वर्षो में विद्युत तार टूटने से आगजनी की घटनायें कहां-कहां हुई। कलेक्टर ने कहा कि फायर मॉकड्रिल सभी जनपद और नगरीय निकायों में कराई जा चुकी है। उसका फीडबैक भी लोगों को मिलना चाहिये।

# जर्जर हड्डियों में भरनी है जान, तो मखाने में मिलाकर खाएं यह एक चीज



**स्नैक्स में जंक फूड खाने से सेहत को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे वजन बढ़ने और कई बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए हेल्दी स्नैक्स खाना चाहिए। घी में भूने मखाने स्नैक्स के रूप में खाना काफी फायदेमंद हो सकता है। इसमें कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमें हेल्दी रखते हैं। जानें इससे मिलने वाले फायदे।**

अक्सर हम लोग हल्की भूख लगने पर फास्ट फूड खा लेते हैं क्योंकि वे आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं और ज्यादा मेहनत भी नहीं लगती। इसलिए हमारे स्नैक टाइम में ज्यादातर हम अनहेल्दी फूड्स खाते हैं, जैसे चिप्स, कुकीज, बर्गर, फ्राइज आदि। इन फूड्स से हमारी भूख मिट जाती है, लेकिन इनकी वजह से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है।खाने में ज्यादा जंक फूड शामिल होने की वजह से कई शारीरिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए स्नैक टाइम को हेल्दी और टेस्टी बनाने के लिए भूने हुए मखाने काफी बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। मखाने बहुत ही हेल्दी होते हैं। इनमें काफी कम मात्रा में कैलोरी होती है, जिसकी वजह से वेट लॉस के लिए इन्हें खाना फायदेमंद हो सकता है। साथ ही, ये कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं।फॉक्स नट या कमल के बीज के नाम से जाने जाने वाले मखाने को घी में भूनकर खाने से कई लाभ मिल सकते हैं। घी में भूनने की वजह से यह काफी क्रंची हो जाते हैं, जिसके कारण ये खाने में काफी मजेदार लगते हैं। आइए जानते हैं इसे खाने से मिलने वाले लाभ।

पोषक तत्वों से भरपूर

मखाना कई प्रकार के पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉसफोरस और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। पोषक तत्वों से भरपूर मखाना एक बेहतरीन स्नैक्स का विकल्प है।

वेट लॉस करने में सहायक

मखाना में काफी मात्रा में फाइबर होता है, जो पेट भरा रखने में मदद कर सकता है। साथ ही, इसमें कैलोरी भी कम होती है, जो वेट लॉस करने में मदद करता है।

एनर्जी लेवल बढ़ाता है

कार्बोहाईड्रेट्स से भरपूर मखाना घी में भूनकर खाने से काफी एनर्जी मिलती है। इसलिए इसे इवनिंग स्नैक की तरह खाना काफी फायदेमंद हो सकता है।

हड्डियों मजबूत बनाता है

घी में भूना मखाना हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसे खाने से ओस्टियोपोरोसिस की समस्या से बचने में भी मदद मिलती है। इसमें कैल्शियम भी होता है, जो हड्डियों और दांतों के लिए फायदेमंद होता है।

पाचन शक्ति बढ़ाता है

घी में भूना मखाना पाचन शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें फाइबर होता है, जो कब्ज जैसी पाचन सम्बन्धी समस्याओं को दूर करने मददगार होता है।

स्किन और बालों को पोषण देता है

एंटी-ऑक्सीडेंट्स से युक्त रोस्टेड मखाने बालों और स्किन को अंदर से पोषण देकर उन्हें स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

# बहुसंख्यकवादी नैरेटिव को टेका लगाती फिल्में : स्वातंत्र्य वीर सावरकर

बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्वादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फ़िल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नज़रिए पर आधारित हैं।फिल्म जनसंचार का एक शक्तिशाली माध्यम है जो सामाजिक समझ को कई तरह से प्रभावित करता है। कई दशकों पहले भारत में ऐसी फिल्में बनीं जो सामाजिक यथार्थ को प्रतिबिंबित करती थीं और प्रगतिशील मूल्यों को बढ़ावा देती थीं- %मदर इंडिया%, %दो बीघा ज़मीन% और %नया दौर% ऐसी ही कुछ फिल्में थीं। कुछ बायोपिक फिल्मों ने भी यथार्थपरक आम समझ को विस्तार और समावेशी मूल्यों को प्रोत्साहन दिया. रिचर्ड एटनबरो की %गांधी% और भगत सिंह के जीवन पर बनी कुछ फिल्में अत्यंत प्रेरणास्पद थीं। ये बायोपिक मेहनत और सावधानी से किए गए शोध पर आधारित थीं और अपने-अपने नायकों के वास्तविक चरित्र को परदे पर उकेरती थीं।बहुसंख्यकवादी और विघटनकारी मुद्दों पर आधारित राजनीति और हिन्दू राष्ट्वादी विचारधारा का बोलबाला बढ़ने के साथ ही भारत की फ़िल्मी दुनिया के कई लोग ऐसी फिल्में बनाने लगे हैं जो एक विशिष्ट विघटनकारी नैरेटिव को प्रोत्साहित करती हैं और राजनीति और इतिहास को देखने के सांप्रदायिक नज़रिए पर आधारित हैं। ऐसी सभी फिल्मों में सच को तोड़ा-मरोड़ा जाता है और ज्यादातर मामलों में हिन्दू राष्ट्वादी नायकों का महिमामंडन किया जाता है। इनमें से अधिकांश फिल्मों में सच के साथ समझौता किया जाता है और झूठ को सच के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। ऐसी ही एक फिल्म द कश्मीर फाईल्स% का प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जमकर प्रचार किया था। भाजपा के कई नेताओं ने थोक में इस फिल्म के टिकट खरीदकर अपने इलाके के लोगों को बांटे थे ताकि वे फिल्म देख सकें। इस फिल्म का प्रचार करने वालों का दावा था कि यह फिल्म कश्मीर का असली सच लोगों के सामने लाई है।

इसी तरह की एक दूसरी फिल्म द केरेला स्टोरी में इस्लाम में धर्म परिवर्तन करने वालों और इस्लामिक स्टेट (आईएस) में शामिल होने वालों की संख्या को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। इस तरह की कई फिल्में बॉक्स आफिस पर बुरी तरह पिट गईं। इनमें शामिल थीं 72 हूरें जिसमें आतंकवाद को राजनीति की बजाय धर्म से जोड़ा गया था। इस फिल्म में इस तथ्य को भी दबाया गया था कि हिन्दू धर्म में भी स्वर्ग में अप्सराओं के साथ आनंद करने की बातें कही गईं हैं। इसी तरह अन्य धर्मों में भी स्वर्ग में परियों की चर्चा है।द केरेला स्टोरी, द कश्मीर फाईल्स, 72 हूरें इत्यादि का उद्देश्य है इस्लामोफोबिया फैलाना। दूसरी ओर गोडसे पर 2022 में बनी फिल्म में महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमागान किया गया था। इसमें संघ परिवार का वह पुराना झूठ फिर एक बार दुहराया गया था कि गांधीजी ने भगत सिंह को फांसी से नहीं बचाया और उनकी शहादत पर शोक व्यक्त करने वाले कांग्रेस के एक प्रस्ताव का विरोध किया। और अब आई है रणदीप हुड्डा की स्वातंर्त्यवीर सावरकर। यह झूठ का प्रचार करने में नई ऊंचाईयां अर्जित करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि भगत सिंह सावरकर से जा कर मिले और यह इच्छा व्यक्त की कि वे सावरकर की पुस्तक फर्स्ट वॉर ऑफ़ इंडीपेंडेस का मराठी से अंग्रेजी में अनुवाद करना चाहते हैं!सच क्या है? कई क्रांतिकारियों ने इस पुस्तक को पढ़ा है और उसे सराहा भी है। मगर समस्या यह है कि यह पुस्तक मराठी में 1908 के आसपास प्रकाशित हुई थी और इसके एक साल बाद उसका अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित हो गया था। भगत सिंह का जन्म 1907 में हुआ था और वे अपने जीवन में कभी सावरकर से नहीं मिले।फिल्म में सावरकर को यह कहते हुए दिखाया गया है कि भारत 1912 तक स्वाधीनता हासिल कर लेगा - अर्थात जब हमें स्वतंत्रता मिली उस से करीब 35 साल पहले। सच यह है कि 1910 से ही सावरकर अंडमान के सेल्लुलर जेल में थे और वहां से अंग्रेज सरकार से माफी मांगते हुए याचिकाएं लिख रहे थे. सन् 1912 तक वे ऐसी तीन याचिकाएं लिख चुके थे। इन सभी याचिकाओं में सरकार से उसका विरोध करने के लिए क्षमायाचना की गई थी और यह भी कहा गया था कि अगर उन्हें जेल से रिहा कर दिया जाए तो वे निष्ठापूर्वक ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार रहेंगे। और जेल से रिहा होने के बाद सावरकर ब्रिटिश सरकार के प्रति वफादार बने रहे। हमारे स्वाधीनता संग्राम ने 1920 में जोर पकड़ा जब कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए असहयोग आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।फिल्म यह प्रश्न भी उठाती है कि किसी कांग्रेस के नेता को अंडमान जेल क्यों नहीं भेजा गया और क्यों उन्हें भारत के जेलों में रखा गया। पहली बात तो यह है कि इस तथ्य की सत्यता की पुष्टि की जानी होगी। दूसरी बात यह कि सन् 1920 के बाद से कांग्रेस और गांधीजी ने अहिंसा की राह अपना ली थी और इस कारण उनके अनुयायियों को अंडमान या फांसी की सजा नहीं दी गई और उन्हें भारतीय जेलों में ही रखा गया। भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को हिंसा में शामिल होने के कारण फांसी की सजा दी गई थी। चूंकि गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने अहिंसा के सिद्धांत का पालन किया इसलिए उसके सदस्यों को फांसी या अंडमान की सजा नहीं हुई।



यह फिल्म हमें बताती है कि भारत को अहिंसा के रास्ते नहीं वरन हिंसा के रास्ते स्वतंत्रता मिली। भारत में जो क्रांतिकारी सक्रिय थे उनमें से अधिकांश हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन से थे। भगत सिंह और उनके साथियों की मृत्यु के बाद भारत में कोई बड़ा क्रांतिकारी आंदोलन नहीं हुआ। सावरकर के अभिनव भारत ने सावरकर द्वारा सरकार से क्षमायाचना करने के बाद ब्रिटिश सरकार का विरोध करना बंद कर दिया। सुभाषचन्द्र बोस, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन किया था, 1945 में मारे गए और आजाद हिंद फौज के अफसरों और सिपाहियों को लालकिले में बंदी बनाकर रखा गया। अदालतों में इन युद्धबंदियों का बचाव करने के लिए जवाहर लाल नेहरू की पहल पर कांग्रेस ने एक समिति का गठन किया था।

फिल्म यह भी बताती है कि आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों से लड़ने की सलाह सावरकर ने ही बोस को दी थी! यह तथ्यों के एकदम विपरीत है। कांग्रेस छोड़ने के बाद ही बोस ने यह तय कर लिया था कि वे जर्मनी और जापान की मदद से ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध जंग छेड़ेंगे। जिस समय बोस ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध युद्धरत थे उस समय सावरकर हिंदू महासभा से यह अनुरोध कर रहे थे कि वह अधिक से अधिक संख्या में हिंदुओं को ब्रिटिश सेना में भर्ती करवाए ताकि द्वितीय विश्वयुद्ध में ब्रिटेन की शक्ति बढ़े।हिन्दू महासभा के कलकत्ता अधिवेशन को संबोधित करते हुए सावरकर ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों से यह अपील की थी कि वे किसी भी तरह और हर तरह से यह प्रयास करें कि भारतीय युवा ब्रिटिश सेना में भर्ती हों। इसके अगले साल 1940 में गांधीजी ने व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया। उसी साल दिसंबर में हिंदू महासभा के सत्र को संबोधित करते हुए सावरकर ने हिंदू युवकों का आह्वान किया कि वे बड़े पैमाने पर ब्रिटिश सेना की विभिन्न शाखाओं में भर्ती हों।सावरकर के बारे में लिखते हुए सुभाषचन्द्र बोस ने कहा था, ऐसा प्रतीत होता है कि सावरकर अंतरराष्टीय स्थिति से नावाकिफ हैं और केवल यह सोच रहे हैं कि ब्रिटिश सेना में भर्ती होने से हिंदुओं को सैन्य प्रशिक्षण हासिल हो सकेगा। बोस का निष्कर्ष था कि मुस्लिम लीग और हिंदू महासभा से कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती।आजाद हिंद रेडियो के जरिए भारतीयों को संबोधित करते हुए सुभाषचन्द्र बोस ने कहा था, मैं मिस्टर जिन्ना, मिस्टर सावरकर और अन्य ऐसे सभी लोगों, जो अब भी ब्रिटिश सरकार के साथ समझौते की बात कर रहे हैं, से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि वे यह समझ लें कि आने वाली दुनिया में ब्रिटिश साम्राज्य नहीं होगा।जहां तक फिल्म में सावरकर और सुभाषचंद्र बोस को सहयोगियों की तरह प्रस्तुत करने का प्रश्न है, नेताजी के प्रपौत्र चन्द्रकुमार बोस ने फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद हुड्डा से कहा था, कृपया नेताजी को सावरकर से मत जोड़िए. नेताजी एक समावेशी और धर्मनिरपेक्ष नेता थे। वे देशभक्तों के देशभक्त थे।यह फिल्म आने वाले चुनावों के मद्देनजर हिंदू राष्ट्वादी राजनीति को मजबूती देने के लिए सच को तोड़ने-मरोड़ने का एक और प्रयास है।

## संपादकीय

### जुड़ने-जीतने को कटिबद्ध 'इंडिया' की सफल रैली

28 दलों के संयुक्त विपक्षी गठबन्धन %इंडिया% ने रविवार को नयी दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विशाल शक्ति प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार को साफ संकेत दे दिया कि 18वीं लोकसभा का चुनाव सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिये वैसा आसान नहीं होने जा रहा है जैसा कि वह और उसके राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन यानी एनडीए के घटक दल मानकर चल रहे हैं। कहने को तो यह मेगा रैली इंडिया के एक सहयोगी दल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कथित शराब घोटाले के आरोप में गिरफ्तारी के खिलाफ आयोजित की गई थी, पर उसके अब कहीं अधिक व्यापक सन्दर्भ, परिप्रेक्ष्य तथा उद्देश्य बन गये हैं।

इसके अनुरूप उसका प्रतिफल लोकसभा चुनाव के नतीजों में भी नज़र आये तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये। इस रैली से अगर भाजपा, विशेषकर तीसरे कार्यकाल की उम्मीद लगाये बैठे नरेन्द्र मोदी चिंतित होते हैं तो वह स्वाभाविक ही हैं।उल्लेखनीय है कि ठीक दो माह पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी (21 मार्च) से सम्पूर्ण विपक्ष उद्वेलित हो उठा है। सोरेन ने जहां गिरफ्तार होने के पहले इस्तीफा दे दिया था, तो वहीं केजरीवाल पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सीएम रहते गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने पद छोड़ने से इंकार कर दिया है और वे इस जिम्मेदारी को अब भी सम्भाले हुए हैं। विपक्षी नेताओं को बुरी तरह से कुचला जा रहा है- इस भावना को व्यक्त करने के लिये गठबन्धन ने यह रैली आयोजित की थी जिसमें सभी दलों ने शिरकत कर यह साबित किया कि गठबन्धन न केवल एकजुट है बल्कि इतना मजबूत हो चुका है कि इस चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर देगा। यह भावना और संकल्प विभिन्न नेताओं के भाषणों से बार-बार तथा कई-कई स्वरूपों में व्यक्त हुआ।स रैली ने भाजपा, उसके साथी दल तथा उसके द्वारा पोषित मीडिया द्वारा निर्मित इस मिथक को खंडित कर दिया कि यह गठबन्धन सत्ता पाने के लिये बना है। उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम के सभी राज्यों व क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे विभिन्न दलों के तमाम वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि वे सभी देश में लोकतंत्र को बचाने के उद्देश्य से एकत्र हुए हैं। कई नेताओं, यहां तक कि खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया कि गठबन्धन में शामिल कई दलों से उनकी सीटों के बंटवारे को लेकर परस्पर सहमति नहीं है और वे मिलकर चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, परन्तु वे सभी लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने की लड़ाई इकट्ठे लड़ रहे हैं और इस मंच पर उपस्थित हैं। पंजाब में आप व कांग्रेस अलग-अलग लड़ रही हैं तो वहीं पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस से सीट शेयरिंग पर सहमति न बन सकने के बावजूद टीएमसी गठबन्धन का हिस्सा है और उसके प्रतिनिधियों ने रैली में भागीदारी की।

वर्तमान लड़ाई की तुलना उन्होंने देश के स्वतंत्रता आंदोलन से की जिसमें सभी लोग आपसी मतभेद भूलकर शामिल थे।

मोदी व भाजपा के तानाशाहीपूर्ण ढंग से शासन चलाने के तरीके तथा विपक्षी दलों को कुचलने की कोशिशों को सभी नेताओं ने जनता के समक्ष रखते हुए देश में लोकतंत्र की बहाली तथा संविधान की रक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया। 18 मार्च को मुम्बई के शिवाजी पार्क में आयोजित हुई कामयाब सभा के बाद इंडिया के जो हौसले बढ़े थे, वे इस रैली में नई बुलंदियों का स्पर्श करते दिखे। अपने दस वर्षीय कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी ने जिस निरंकुश तरीके से शासन चलाया, उसकी कटु व बेखौफ आलोचना सभी दलों ने की। इनमें से ज्यादातर वे दल हैं जिनके नेताओं को केन्द्रीय जांच एजेंसियों-ईडी, आयकर, सीबीआई आदि द्वारा परेशान किया जा रहा है। कई दलों के नेता सलाखों के पीछे हैं या फिर उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। इसके अलावा इस चुनाव में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को किस प्रकार से आयकर की नोटिसों से परेशान किया जा रहा है, यह मसला उठाकर रैली ने मोदी सरकार, जांच एजेंसियों तथा केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की जमकर बखिया उधेड़ी जो भाजपा की इस मनमानी की ओर से आंखें मूंदकर बैठा हुआ है।

# पहली बार मोदी को हार का डर दिख रहा है!


कांग्रेस के बैंक खाते सीज हैं। और लेटेस्ट उसको 3567 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस दिया गया है। याद रहे चुनाव की घोषणा के बाद। बीच चुनाव में। पहले फेज के नामांकन हो जाने के बाद। मतलब बीच खेल में नियम बदले जा रहे हैं। बीच खेल में नियम कब बदले जाते हैं जब हार का खतरा होता है। याद है जब बचपन में आप जीतने वाले होते थे तो कहा जाता था नहीं अब लेफ्टी बनकर बेटिंग करो ।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जीवन में कई चुनाव लड़े और जीते। मगर यह पहला चुनाव ऐसा है जब वे संशय में पड़े हुए हैं। इसके बहुत से कारण हैं जिन्हें हम नीचे बताएंगे। मगर पहले यह कि मोदी का डर दिख कहां रहा है?यह दिख रहा है विपक्ष को खासतौर पर सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस को चुनाव लड़ने से ही रोकने की कोशिशों से। चुनाव में हार का डर है तो तरीका यह निकाला कि मुख्य विपक्षी दल चुनाव में ही न हो और अगर हो तो विरथ! उसके पास पैसा न हो कोई साधन न हो। ताकि वह बेशुमार पैसा खर्च करने वाले सत्ता पक्ष के सामने खड़ा ही न हो पाए।

कांग्रेस के बैंक खाते सीज हैं। और लेटेस्ट उसको 3567 करोड़ का इनकम टैक्स नोटिस दिया गया है। याद रहे चुनाव की घोषणा के बाद। बीच चुनाव में। पहले फेज के नामांकन हो जाने के बाद। मतलब बीच खेल में नियम बदले जा रहे हैं। बीच खेल में नियम कब बदले जाते हैं जब हार का खतरा होता है। याद है जब बचपन में आप जीतने वाले होते थे तो कहा जाता था नहीं अब लेफ्टी बनकर बेटिंग करो या बालिंग आपकी होती थी तो कहा जाता था कि उल्टे हाथ से बॉल करो! इसी को कहते हैं बीच खेल में नियम बदलना। लेकिन होता क्या था कि आप उसके बावजूद जीत जाते थे। तो जब जीत आने वाली होती है तो नियम बदलने से कुछ नहीं होता।

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जो बाकी सभी विभागों ईडी, सीबीआई या बाकी सभी संस्थाओं ब्यूरोक्रेसी, न्यायपालिका, मीडिया की तरह सरकार के कहने से काम कर रहे हैं ने केवल कांग्रेस को ही हजारों करोड़ का नोटिस नहीं दिया है बल्कि सीपीआई को भी दिया है। इनकम टैक्स से राजनीतिक दल मुक्त होते हैं क्योंकि उनकी इनकम नहीं होती है जो पैसा आता है वह चंदे से आता है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दिया जाता है। राजनीतिक दलों को इनकम टैक्स से छूट होती है। मगर ऐसे समय में यह कार्रवाई हो रही है कि कांग्रेस या दूसरे राजनीतिक दलों के पास इन पर रोक लगवाने का समय ही नहीं है। अदालतें जिस तरह काम करती हैं उस हिसाब से तो चुनाव के नतीजे भी आ जाएंगे और केस पर दो सुनवाई भी पूरी नहीं होंगी। साथ ही चुनाव के समय अपनी ताकत चुनाव में लगाने के बदले पार्टी कोर्ट कचहरी में उलझी रहेगी।

तो लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं देना डर की साफ निशानी है। इसलिए जैसा हमने कहा कि पहली बार मोदी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नहीं दिख रहे हैं। गुजरात में 2002 में उनके नेतृत्व में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा गया था। उसके बाद में 2014 और 2019 लोकसभा का। हर बार उन्हें जीत का विश्वास था और वह जीते भी।

मगर कहते है कि हर चीज का एक अंत होता है और जब वह आता है तो व्यक्ति का अपने ऊपर से विश्वास कम होने लगता है। और वह ऐसे ही मालूम पड़ता है जब वह तैराकी की काम्पिटिशन में प्रतिद्वंदी के हाथ बांधकर उसे पानी में फैंकना है। लेकिन अगर आप खुद बिल्कुल ही नहीं तैर पा रहे हों तो हाथ बंधा हुआ व्यक्ति भी केल पांव के सहारे आगे निकल सकता है।मोदी जी की हालत वही हो रही है। उनको अपने किसी दांव पर अब भरोसा नहीं हो रहा है। हिन्दू-मुसलमान चल नहीं रहा है। राम मंदिर का इशु क्लिक किया नहीं। 2029 में यह होगा और 2034 में यह और हजार साल बाद ऐसा, यह जनता को अपने साथ किया जा रहा मजाक लग रहा है।



उसकी हालत आज खराब है। अन्तरराष्टीय श्रम संगठन और इंस्टिट्यूट आफ ह्यूमन डेवलपमेंट ने यह आंकड़ा सामने लाकर युवाओं को हिला कर रख दिया कि देश में जितने युवा हैं उनमें 65 प्रतिशत बेरोजगार हैं। और जितना देश में बेरोजगार है। हर उम्र का उसमें 83 प्रतिशत केवल जवान लोग हैं। विस्फोटक रिपोर्ट है। इसमें बताया है कि बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गई है।अब सोचिए कि जो पांच साल बाद, दस साल बाद इतने साल बाद उतने साल बाद की बात कर रहे हैं तो उस समय बेरोजगारी कहां जाएगी? अभी दस साल में तीन गुना बढ़ी है फिर कितने गुना बढ़ जाएगी? और बिना रोजगार के आदमी का क्या होगा? सब पांच किलो मुफ्त अनाज की लाइन में लग जाएंगे।और एक बात बता दें आपको गरीब विरोधी अर्थशास्त्री कहते हैं कि पांच किलो मुफ्त अनाज देना कोई समस्या नहीं है। इसे अनन्त काल दिया जा सकता है। अमीरों की अमीरी बढ़ती रहे तो सरकार के लिए यह स्कीम कोई घाटे का सौदा नहीं है। और अमीरी का आंकड़ा तो यह है कि देश की 40 प्रतिशत संपत्ति अब केवल एक प्रतिशत अमीरों के पास पहुंच गई है। वर्ल्ड इनइक्वलटी लैब के अनुसार जितनी असमानता अंग्रेजों के राज में नहीं थी उससे कई गुना ज्यादा 2014 से लेकर 2023 तक बढ़ गई है। और अमीर और अमीर, गरीब और गरीब की यह स्थिति दुनिया में भारत को बहुत नीचे की श्रेणी में ले आई है। भारत से खराब स्थित केवल यमन पेरू जैसे कुछ ही देशों की है।तो जो हमने ऊपर कहा था कि संशय के कारण बताएंगे। तो ये हैं संशय के कारण। बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी चिकित्सा व्यवस्था का खत्म होना, सरकारी शिक्षा का बंद होना, भयानक भ्रष्टाचार और उसमें भी जो मेरे पास आ जाए वह पवित्र और जो विपक्ष में हो उस पर कार्रवाई। एक मुख्यमंत्री जेल में हैं केजरीवाल। दूसरे मुख्यमंत्री झारखंड के हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी से ठीक पहले इस्तीफा दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोचा था दोनों डर जाएंगे। मगर दोनों ने जैसी हिम्मत दिखाई उससे मोदी सकते में आ गए। और सबसे बड़ी बात दोनों की पत्नियों ने जिस हिम्मत से बाहर आकर अपनी बात कही। मुकाबला किया उसने तो देश में एक नई हिम्मत पैदा कर दी। सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन के गले मिलते फोटो को मीडिया को दिखाना पड़ा। इस एक फोटो ने हजारों शब्दों की कहानी कह दी।मैसेज चला गया कि कोई नहीं डरने वाला। अब डर का समय बीत गया। रामलीला मैदान की महारैली ने माहौल पलट दिया। विपक्ष का इतना नेता एक साथ खड़ा हुआ कि मोदी का डर अब और सही लगने लगा। इससे पहले जो हमने बताया कि मोदी लगातार जीतते रहे तो उनके खिलाफ विपक्ष इससे पहले कभी इस तरह इकट्ठा नहीं हुआ था। आज उनके साथ कौन है। उड़ीसा में समझौता करते-करते बीजू जनता दल अचानक छिटक गया। पंजाब में भाजपा के सबसे पुराने सहयोगी अकाली दल ने मना कर दिया।

यही वह कारण हैं जो मोदी को संशय में डाल रहे हैं। इसलिए वे विपक्ष पर छापे, कार्रवाई, जेल, इनकम टैक्स को नोटिस सब हथियार उपयोग करके उसे चुनाव लड़ने से भी महरूम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे जितने पैसे से चुनाव लड़ते हैं तो सोच रहे हैं कि बिना पैसे कोई कैसे चुनाव लड़ लेगा?

मगर वे फिर भूल जाते हैं कि जैसे युद्ध में साधन ही सब कुछ नहीं होते साहस सत्य और उद्देश्य प्रमुख होते हैं। इसिलिए विरथ रघुवीरा विजयी होते हैं। और रथी नहीं! क्यों? इसका जवाब विभीषण को राम खुद ही देते हैं-

सुनहु सखा कह कृपानिधाना।
जेहिं जय होई सो स्यंदन आना।।
मतलब जिससे जय होती है वह रथ दूसरा ही है।
सौरज धीरज तेहि रथ चाका।
सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका।।
बल बिबेक दम परहित घोरे।
छ्मा कृपा समता रजु जोरे।।

अब इसका अर्थ बताने की जरूरत नहीं है। सब जानते हैं। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिए हैं। सत्य शील उसकी मजबूत ध्वजा पताका। बल विवेक दम परोपकार ये चार उसके घोड़े हैं। जो क्षमा, दया, समता की डोर से रथ से जुड़े हुए हैं।

तो अब यह सब किसके साथ हैं। जो विरथ दिख रहा है उसी के। तो लगता है एक बार वह समय फिर आ गया!

# मतदान हमारा दायित्व ही नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार हैः कलेक्टर

## कलेक्टर ने ग्राम बड़ापुरा में ग्रामीणों की बीच चौपाल लगाई

**मुरैना।** मुरैना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़ापुरा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को ग्रामीणों के बीच पहुंचकर सभी मतदाताओं को कहा कि मतदान करना हमारा दायित्व ही नही बल्कि यह एक संवैधानिक अधिकार है। 7 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने अवश्य जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, एसडीएम श्री बीएस कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके पाठक, डीपीसी श्री हरीश तिवारी, तहसीलदार बानमौर श्री महेश कुशवाह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने ग्रामीणों से मिलकर कहा कि निष्पक्ष होकर एवं बिना किसी दबाब एवं भय के सभी 7 मई को मतदान करने अवश्य जाएद्य एवं अधिक से अधिक मतदान करे। मत देने का अधिकार हमें कई लोगो के संघर्ष करने के बाद प्राप्त हुआ हैं एवं भारत के संविधान ने सभी नागरिकों को बराबरी से यह हड़ दिया हैं ,अपने मताधिकार को समझेद्य ग्रामीणों की अन्य मांगों एवं समस्याओं के लिए उन्होंने कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही उन समस्याओं का समाधान त्वरित रूप किया जायेगा।उन्होंने मतदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि सभी लोग जिले में अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर अधिक से अधिक मतदान करें, ताकि आपके गांव का नाम मुरैना जिले में मतदान प्रतिशत में सबसे आगे आ सके।



## कलेक्टर ने बानमौर स्थित बीयर विनिर्माण इकाई का औचक निरीक्षण किया



**मुरैन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को ग्राम महटौली तहसील बानमोर स्थित बीयर विनिर्माण इकाई मै. तृप्ति एल्को ब्रू एवं मै.वी 9 अल्को ब्रू, का लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इकाई के निरीक्षण के दौरान बीयर निर्माण में उपयोगी सामग्री एवं संग्रहित सील बंद बीयर मदिरा स्कंध का मौके पर भौतिक निरीक्षण किया। इकाई पर संग्रहित बीयर मदिरा का स्कंध अभिलेख अनुसार सही पाया गया। कलेक्टर ने इकाई पर संग्रहित कालातीत बीयर के शीघ्र नष्टीकरण के निर्देश भी मौके पर दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर, इकाई प्रभारी अधिकारी एवं इकाई प्रबंधक उपस्थित थे।

# लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी

**मुरैना।** राष्टीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगों से बचाव एवं उपचार के संबंध में आमजन से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अपील की गयी है।

**लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी**-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है, कि जिले में गर्मी मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुस्प्रभाव से होने वाले रोगों से बचाव एवं उपचार के लिये दिशा-निर्देश मैदानी स्तर तक जारी कर दिये गये है।

**लू के लक्षण**-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शर्मा ने बताया कि सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना। तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना। कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना । शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न जाना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना, बेहोश होना आदि लू के लक्षण हो सकता है।

**लू से बचाव के उपाय**-मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इसके बचने के लिये बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाये, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये, अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये। चक्कर, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र में जरूरी सलाह ली जाये। बच्चे, बुर्जग एवं बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषकर दोपहर में 12 से 04 बजे के बीच घर से बाहर न जाऐं।

**लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार**-सीएमएचओ ने बताया कि बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाये, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावे जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटा दें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे। पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में ईलाज के लिए ले जायें। आशा एवं ए.एन.एम से ओआरएस के पैकेट के लिये संपर्क करें।

## जिला दण्डाधिकारी ने एक आदतन अपराधी को किया जिला बदर

**मुरैन।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मुरैना श्री अंकित अस्थाना ने पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान के प्रस्ताव पर एक आदतन अपराधी को जिला बदर किया है, इस आदतन अपराधी पर विभिन्न थानों में विभिन्न अपराधों के मामले पंजीवद्ध है। जिला दण्डाधिकारी श्री अस्थाना ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 सहपठित धारा 5,6 के प्रावधानों के अंतर्गत यह कार्यवाही की है। जिस आदतन अपराधी को जिला बदर किया है, उसमें थाना कोतवाली के अंतर्गत मुंशी नट वाली गली गोपालपुरा मुरैना निवासी 21 वर्षीय नितिन खेमरिया पुत्र राकेश खेमरिया का नाम शामिल है। इस आदतन अपराधी कि आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जनसाधारण के हित में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला दण्डाधिकारी ने इस आदतन अपराधी को आदेशित किया है, कि वह जिला मुरैना एवं उसके निकटवर्ती जिले ग्वालियर, भिण्ड, श्योपुर एवं शिवपुरी की सीमा से 01 वर्ष की अवधि के लिये बाहर चला जाये, बिना पूर्व स्वीकृति के इन जिलों की सीमा में प्रवेश न करें।

## एक नजर...

### मतदाताओं को किया जागरूकः मतदाता जागरूकता रैली निकालकर कहा- सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो




**मुरैन।** जन अभियान परिषद जौरा के ब्लॉक समन्वयक श्री बी.डी. शर्मा के मार्गदर्शन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति जौरा ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन जौरा शहर में किया। कार्यक्रम में श्री अलकेश राठौर ने कहा कि मतदान का अधिकार एक संवैधानिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार दे सकते हैं। हम यह तय कर सकते हैं कि हमारा देश किस दिशा में बड़े। शिवकुमार शर्मा ने कहा कि मतदान के माध्यम से हम देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मतदान का प्रयोग करें और देश के विकास में योगदान दें। साथ ही शपथ ग्रहण भी कराई गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था अलकेश राठौर, परामर्शदाता श्री प्रशांत शर्मा, गिर्राज कोच, सतेंद्र, रंजीत, अंजली दुबे, हिमानी जाटव, विवेक, संजू, मोनू, प्रेम रावत, राहुल कंसाना, रूप सिंह, सौरव यादव, रामलखन रावत, मुकेश प्रजापति, शकील खान, बंटी वंसल, सचिन गौड़, राहुल सविता, ज्ञानेश, नरोत्तम सिकरवार, संदीप जाटव, प्रेम रावत, इमरान खान, मोनू कुशवाह आदि उपस्थित थे।

### जिले के सभी स्कूलों में 8 अप्रैल तक स्वीप की गतिविधियां चलाई जायेंगी

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुये स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गड़पाले ने एक अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक का स्वीप कैलेण्डर जारी किया। जिसमें उन्होंने 2 अप्रैल से 8 अप्रैल तक शिक्षा विभाग और डीपीसी के माध्यम से स्वीप की गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, ''मतदान हमारा हक भी और अधिकार भी''। स्कूली बच्चों द्वारा 7 मई को मतदान अवश्य करें, इस प्रकार की रैली का आयोजन किया जाये।

### पोरसा, अम्बाह, जौरा, कैलारस के लिये बाड़ कम्युनिकेशन प्लान कंट्रोल रूम गठित

**मुरैन।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिले के अलावा सभी तहसीलों में बाड़ कम्युनिकेशन प्लान, फायर टेंकर की जानकारी उपलब्ध कराने के लिये कंट्रोल रूम गठित किये जायें। कलेक्टर के निर्देश पर पोरसा, अम्बाह, जौरा और कैलारस में संपर्क कंट्रोल रूम स्थापित कर दिये गये है, जिनमें दूरभाष क्रमांक इस प्रकार रहेंगे। पोरसा के लिये 8871030092, अम्बाह के लिये 8640070890, जौरा के लिये 9109027099 और कैलारस के लिये 9753056346 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की बैठक सम्पन्न

**मुरैन।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभाग में लंबित पेंडेसी को शीघ्र निराकरण करें। आने वाले समय में सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव में जुट जायेंगे, तो विभाग में पेंडेसी और अधिक बनी रहेगी। इसलिये सभी अधिकारी समय रहते लंबित पेंडेसी को निराकृत करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि सभी तहसीलदार कन्ट्रॉल रूम सकिय करें, जिले की 478 ग्राम पंचायतों में लू से बचाव के लिये मेडीसिन किट, ओआरएस के पैकेट सीईओ जनपद पंचायत भिजवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने चारा, भूसा के ओव्हरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश समस्त तहसीलदार, एसडीएम को दिए। चारा, भूसा जिलें से बाहर नहीं जाना चाहिए।



## विज्ञापनों के सम्बन्ध में आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए है कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नही किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार अपराध करने, हिंसा करने या लोगों को भड़काने की प्रवृत्ति रखता हो, किसी भी प्रकार की अश्लीलता दर्शाता हो, राष्ट्रीय प्रतीकों का अनादर करता हो, नारी के लिए किसी भी प्रकार से अपमानजनक हो या उपहास करता हो, दहेज, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों से लाभ उठाता हो आदि से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं किए जाने चाहिए।

# स्वीप का कैलेण्डर जारी



**मुरैना।** कसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुये मतदान का प्रतिशत बड़े, इसके लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. इच्छित गड़पाले समय-समय पर बैठकें एवं कैलेण्डर बनाकर गतिविधियां करवा रहें है। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप की गतिविधियां का कैलेण्डर सभी एसडीएम भी तैयार करें, ताकि पूरे जिले में मतदान का प्रतिशत 70 प्रतिशत से कम न रहे। जिला सीईओ डॉ. इच्छित गड़पाले ने कहा कि मेरे द्वारा स्वीप से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक सोमवार को सुबह जिला पंचायत के सभागार में ली जा चुकी है। बैठक में आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये स्वीप कैलेण्डर तैयार किया गया है। उसके आधार पर स्वीप गतिविधियां चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये है। उन्होंने कहा कि नवदुर्गा, अम्बेडकर जयंती के अलावा 30 अप्रैल तक पड़ने वाले सभी त्यौहारों पर स्वीप की गतिविधियां जिले में संचालित करने के निर्देश दिये है। स्वीप से जुड़े अधिकारी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित करें और सोशल मीडिया पर भी निर्वाचन आयोग को टेग करावें। उन्होंने सी-विजिल एप के संबंध में भी आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदान केन्द्रों पर पेयजल के पुख्ता प्रबंध किये जायेंः कलेक्टर



मुरैना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि ग्रीष्मकालीन को ध्यान में रखते हुये पेयजल की कहीं भी समस्या उत्पन्न न हो। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों पर भी पेयजल के पुख्ता प्रबंध किये जायें। यह निर्देश उन्होंने पीएचई विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, समस्त एसडीएम, पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एस.एल. बाथम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# स्मार्ट क्लास संचालन में लापरवाही करने पर कलेक्टर ने दो शिक्षकों को मौके पर किया निलंबित




**मुरैना।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला सीईओ द्वारा मुरैना जिले के 61 माध्यमिक शालाओं में स्मार्ट क्लास संचालित करने के लिये 65-65 इंच के इंटेरेक्टिव टच पैनल एवं स्क्रीन लगवाये गये थे। जिसे देखने के लिए कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय नट कॉलोनी पंचायत करौला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों कक्षों में इंटरेक्टिव टच पैनल तो लगे हुये थे, किन्तु उसमें कनेक्शन नहीं थे एवं स्मार्ट क्लास संचालित नहीं हो रही थी । इस पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया और शिक्षकों से स्मार्ट क्लास संचालित न होने की वजह पूछी। शिक्षक गिर्राज सिंह कुशवाह और सहायक शिक्षक रोहिणी तोमर स्पष्ट उत्तर न दे सकीं। इस पर कलेक्टर ने दोंनो शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। विदित है कि स्मार्ट क्लास डिजिटल क्लास रूम है, जो कक्षा का उन्नत रूप है। यह पाठ्यपुस्तक से परे एक दुनिया है, इसमें एक सुसज्जित कक्षा होती है। जिसमें दृश्य और श्रव्य (डिजिटल स्क्रीन और इंटरनेट) के माध्यम शिक्षा प्रदान की जाती है। इसके माध्यम से शिक्षक, शिक्षण को मनोरंजक और आकर्षक बना सकते हैं। स्मार्ट क्लास दक्षता में सुधार के लिए शिक्षण के विभिन्न तरीकों को पालन करते हैं और सीखने के लिए आकर्षक व रोचक माहौल उपलब्ध करवाते है। इस संबंध में जिला सीईओ डॉ. इच्छित गड़पाले ने 20 मार्च को बैठक लेकर इंटरेक्टिव टच पैनल के बारे में विस्तार से निर्देश दिये थे और दोंनो क्लासरूमों में पुट्टी कराकर रंगाई-पुताई, दरवाजे, खिड़कियों को मच्छरजाली, फर्स को ठीक कराकर मैटी लगवाना, आकर्षण एवं शिक्षाप्रद पैटिंग, विद्युत फिटिंग, शाला में फर्नीचर लगाने के निर्देश दिये गये थे। किन्तु आदेश का पालन नहीं हुआ। इन सब निर्देशों की अवहेलना को मानते हुये दोंनो शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मुरैना जनपद पंचायत के सब इंजीनियर और एई का सात-सात दिन का वेतन काटने के निर्देश जनपद सीईओ मुरैना को दिये है।

# महिलायें रंगोली बनाकर मतदान करने के लिये कर रहीं प्रेरित




**मुरैन।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में मुरैना जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वीप की गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। जिनमें कहीं मेंहदी रचाओ, कहीं रंगोली बनाकर, तो कहीं स्लोगन लिखकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने का संदेश समूह की महिलायें दे रहीं है। इसके तहत जनपद पंचायत मुरैना के ग्राम सराछौला और हरीसिंह के पुरा में स्वीप की गतिविधियां संचालित की गई। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं समूह की महिलाओं ने मनोहारी स्वीप की गतिविधियां संचालित की, जिससे गांव की महिलायें प्रेरित होकर कहने लगीं कि हम भी मतदान करेंगे।

# कलेक्टर की उपस्थिति में समूह की महिलाओं ने ग्राम बड़ापुरा में रैली निकालकर मतदान करने का दिया संदेश

**मुरैन।** कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना बुधवार को ग्राम बड़ापुरा पहुंचे। जहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ मतदान करने के लिये रैली निकालकर संदेश दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गड़पाले, एसडीएम, जनपद सीईओ, जिला अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। रैली में बैनर लेकर समूह की महिलायें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाड़ी केन्द्र ग्राम बड़ापुरा से रवाना हुई और रैली को लेकर ग्राम बड़ापुरा के गली, मोहल्लों में संदेश दिया कि मतदान अपना अधिकार है। हम मतदान अवश्य करेंगे। इस प्रकार के स्लोगन पड़ते हुये जा रहीं थीं। उसके बाद महिलाओं ने आंगनवाड़ी केन्द्र पर रंगोली, अपने बूथ की साफ-सफाई आदि गतिविधियां की। ताकि मतदाता प्रेरित होकर मतदान करने में अधिक से अधिक भाग ले सकें।



# इजराइली हवाई हमले में वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत

तेल अवीव। सीरिया की राजधानी दमिश्क में कथित तौर पर इजराइली हवाई हमले में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत हो गई। मृतक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा जाहेदी ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ जनरल थे।

सोमवार देर रात अरब मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में ब्रिगेडियर जनरल जाहेदी एक लेफ्टिनेंट और पांच अन्य अधिकारियों के साथ मारे गए।

ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियान ने एक बयान में कहा कि हमले के लिए इजराइल जिम्मेदार है।

इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद जाहेदी सबसे वरिष्ठ ईरानी अधिकारी हैं, जिनकी मौत हुई है। सूत्रों के मुताबिक, जाहेदी का स्थान दिसंबर, 2023 में मारे गए सैय्यद रजा मौसवी से ऊपर था।



सूत्रों के अनुसार, हिज्बुल्लाह के साथ ईरान की बातचीत में जाहेदी सबसे वरिष्ठ अधिकारी थे। उनकी मौत को ईरान और उसकी सेना के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

जाहेदी ने ईरानी वायु सेना की कमान संभाली थी और इजराइली एजेंसियों के अनुसार, वह हिजबुल्लाह के लिए लेबनान में हथियारों की तस्करी के लिए जिम्मेदार था।

अरबी और हिब्रू मीडिया ने कहा कि इजराइल ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास से सटी एक इमारत पर हमला किया था।

सीरिया में ईरानी दूतावास ने सोमवार रात एक बयान में कहा कि इजराइल का यह हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों, राजनयिक मानदंडों और वियना कन्वेंशन का घोर उल्लंघन है।"

## चीन ने चार देशों में नए राजदूत नियुक्त किए



**बीजिंग।** चीन ने सिगांपुर, मेडागास्कर, अंगोला और पनामा में अपने नए राजदूत नियुक्त किए हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शीर्ष असेंबली नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के स्थायी समिति के निर्णय पर नई नियुक्तियां की हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार जिनपिंग ने सिंगापुर में सुन हैयान के स्थान पर काओ झोंग-मिंग, मेडागास्कर में गुओ जियाओमी की जगह जी पिंग, अंगोला में गोंग ताओ के स्थान पर झैंग बिन और पनामा में वेई कियांग की जगह पर जू जुएयुआन को नया राजदूत नियुक्त किया है।

## नेपाल में कुर्सी के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन में विवाद गहराया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने गठबंधन में बदलाव कर अपनी सरकार तो बचा ली है लेकिन नया संकट गहरा गया है। गठबंधन में शामिल दलों में प्रदेशों की सत्ता में भागीदारी को लेकर आपस में विवाद गहराता जा रहा है। अपनी सरकार बचाने के लिए प्रधानमंत्री प्रचण्ड को नए गठबंधन से हाथ मिलाना भारी पड़ रहा है। अब यही दल समझौता मानने से पीछे हट रहे हैं। इन पार्टियों के मुख्यमंत्री भी समझौता मानने से इनकार कर रहे हैं नेकपा एमाले को तीन प्रदेशों में और एकीकृत समाजवादी पार्टी को एक प्रदेश में मुख्यमंत्री देने पर सहमति हुई थी। प्रचण्ड की पार्टी के मुख्यमंत्री एमाले को सत्ता का नेतृत्व हस्तांतरण करने से इनकार कर रहे हैं। एक प्रदेश में एमाले को धोखा मिलने के बाद अब दूसरे प्रदेश में भी माओवादी के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बजाए विपक्षी पार्टी के समर्थन से सरकार बचाने में लगे हुए हैं। सोमवार को बागमती प्रदेश के मुख्यमंत्री शालिकराम जमकट्टेल ने एमाले को सत्ता सौंपने के बजाए खुद के ही नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास मत हासिल कर लिया।अंतिम समय में दो विधायकों की एक पार्टी के एक विधायक को मंत्री बनाकर बहुमत के लिए आवश्यक 56 विधायक के समर्थन के साथ सरकार बचा ली। इस पर एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष माधव नेपाल ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि इसका असर प्रचण्ड सरकार पर भी पड़ सकता है। हालांकि देरशाम तक प्रचण्ड ने एकीकृत समाजवादी पार्टी को सुदूर-पश्चिम प्रदेश की सरकार का नेतृत्व देने पर मना लिया है।

प्रचण्ड की मान मनौव्वल के बावजूद मंगलवार को कर्णाली प्रदेश के मुख्यमंत्री राजकुमार शर्मा ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया। माओवादी पार्टी ने मुख्यमंत्री शर्मा को आज ही पद छोड़कर नेकपा एमाले को मुख्यमंत्री पद देने का निर्देश दिया गया था। शर्मा ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय सदन में बहुमत साबित करेंगे। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री शर्मा विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के साथ समर्थन देने को लेकर बातचीत कर रहे हैं। अगर कर्णाली में भी मुख्यमंत्री शर्मा को बहुमत मिल गया तो इसका असर केन्द्र की गठबन्धन सरकार पर पड़ सकता है।

## फलस्तीनियों की सहायता के लिए गाजा पहुंचे कई जहाज

**दीर अल बलाह।** युद्ध प्रभावित गाजा में फलस्तीनियों की मदद के लिए सैकड़ों टन सहायता आपूर्ति लेकर कई जहाज पहुंचे हैं। साइप्रस के विदेश मंत्री सी. कोम्बोस ने सोमवार को कहा कि तीन जहाजों को सहायता आपूर्ति उतारने की अनुमति मिल गई है। इजराइल-हमास युद्ध के कारण गाजा की अधिकांश आबादी विस्थापित हो गई है और एक तिहाई निवासी भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। अमेरिका की ह्यचेरिटी वर्ल्ड सेंट्रल किचनह्न के मुताबिक, इन जहाजों पर 10 लाख लोगों से अधिक के लिए भोजन की सामग्री लदी हुई है, जिसमें चावल, पास्ता, आटा और सब्जियां शामिल हैं।

## पाकिस्तान की अदालत ने तोशाखाना मामले में इमरान खान की सजा निलंबित की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बड़ी राहत देते हुए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने तोशाखाना मामले में उनकी 14 साल की सजा निलंबित कर दी है।

इमरान खान और बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में दोषी पाया गया था। यह मामला पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्राप्त उपहारों के दुरुपयोग और अवैध तरीकों से उपहार प्राप्त करने से संबंधित था। आम चुनाव से कुछ दिन पहले इस मामले में इमरान खान को सजा सुनाई गई थी, जिसे जल्दबाजी में की गई कार्रवाई और इमरान खान का सलाखों के पीछे रहना सुनिश्चित करने के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला बताया जा रहा था।शुरूआत में जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था, जिसे बाद में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में चुनौती दी गई, जिसने अब सजा को निलंबित कर दिया है और दंपति को जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में कार्यवाही के दौरान, अदालत ने जवाबदेही अदालत के 31 जनवरी 2024 के फैसले के खिलाफ इमरान खान के वकील की अपील पर सुनवाई की, जिसमें इमरान खान और उनकी पत्नी को देश के उपहार भंडार का दुरुपयोग करने का दोषी पाया गया और सजा सुनाई गई थी

। इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की कैद के अलावा प्रत्येक आरोपी पर 78.7 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। आईएचसी की खंडपीठ, जिसमें आईएचसी के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियां गुल हसन औरंगजेब शामिल थे, ने सजा के खिलाफ अपील पर सुनवाई की। बैरिस्टर अली जफर ने इमरान खान का प्रतिनिधित्व किया जबकि एनएबी अभियोजक अमजद परवेज ने राष्ट्रीय जवाबदेही बोर्ड (एनएबी) का प्रतिनिधित्व किया। इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के लिए राहत पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थकों और अनुयायियों के लिए एक बड़ी सफलता है, जो विरोध-प्रदर्शन और रैलियां कर रहे हैं और अपने नेता की रिहाई के लिए सोशल मीडिया अभियान चला रहे हैं। उनका कहना है कि खान को अमेरिका जैसी वैश्विक शक्तियों के खिलाफ खड़े होने के लिए दंडित किया जा रहा है और देश की राजनीति में उनके हस्तक्षेप के लिए देश के शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान को दोषी ठहराने के इरादे से झूठे, फर्जी और मनगढ़ंत मामलों में सलाखों के पीछे डाल दिया गया है।

रावलपिंडी की अदियाला जेल से पत्रकारों से बात करते हुए इमरान खान ने कहा कि उनका संघर्ष दशकों से केवल कानून के शासन और जवाबदेही के लिए रहा है।

उन्होंने कहा कि यह शक्तिशाली प्रतिष्ठान है जो फैसले ले रहा है और उनकी आवाज बंद करने की कोशिश कर रहा है।

खान ने कहा कि न्यायाधीशों के पत्र की गहन जांच की जानी चाहिए और गंभीर आरोपों पर पक्षकार बनाए गए सभी पक्षों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

पीटीआई समर्थकों का कहना है कि आईएचसी के फैसले से साबित होता है कि इमरान खान के खिलाफ मामलों का कोई आधार या कानूनी औचित्य नहीं है। इमरान खान उनके नेता हैं और शक्तिशाली राजनीतिक विरोधियों, सैन्य प्रतिष्ठान तथा वैश्विक शक्तियों के खिलाफ अपनी सच्चाई और साहसिक रुख के लिए देश के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक रहे हैं।

# प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इजराइल में अल जजीरा चैनल के प्रसारण पर लगाई रोक

**दीर अल-बलाह।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश में समाचार चैनल ह्यअल जजीराह्न के प्रसारण पर रोक लगा दी है। संसद द्वारा सोमवार को एक कानून पारित करने के बाद नेतन्याहू ने ह्यह्यआतंकी चैनलह्नह्न को बंद करने का संकल्प जताया। यह कानून पारित होने के बाद सरकार के लिए अल जजीरा का इजराइल में प्रसारण रोकने का रास्ता साफ हो गया।



नेतन्याहू ने अल जजीरा पर इजराइली सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, सात अक्टूबर के हमास हमलों में भाग लेने और इजराइल के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। नेतन्याहू ने ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया, आतंकी चैनल अल जजीरा अब इजराइल में प्रसारित नहीं होगा। चैनल की गतिविधियों को रोकने के लिए नए कानून के तहत तुरंत कार्रवाई करना मेरा संकल्प है।

# इस्तांबुल के नाइट क्लब में मरम्मत कार्य के दौरान आग लगने से 29 लोगों की मौत

इस्तांबुल। तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को दिन के समय एक नाइट क्लब में मरम्मत कार्य के दौरान लगी आग में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग बुरी तरह घायल हो गए। यह जानकारी राज्य मीडिया ने दी है।

इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय के मुताबिक हादसे में घायल आठ लोगों में सात की हालत गंभीर है। गवर्नर कार्यालय का कहना है कि आग शहर के यूरोपीय हिस्से में मध्य इस्तांबुल के बेसिकटास जिले में लगी। इसकी चपेट में आए ज्यादातर लोग निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक हैं।

तुर्किये की समाचार राज्य एजेंसी अनादोलु का कहना है कि आग उस स्थल पर मरम्मत कार्यों के दौरान लगी, जो अंडरग्राउंड है।

तुर्किये के न्याय मंत्री यिलमाज टुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पांच लोगों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं, जिनमें नाइट क्लब का प्रबंधन करने वाले तीन लोग और नवीनीकरण के लिए जिम्मेदार एक व्यक्ति शामिल है। उन्होंने कहा, "साइट निरीक्षण और साक्ष्य संग्रह के प्रयास जारी हैं और व्यावसायिक सुरक्षा और आग में विशेषज्ञता वाले 3 विशेषज्ञों की टीम आग के कारणों का पता लगाने के लिए काम कर रही है।"



## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने मंगलवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सीनेट चुनाव स्थगित कर दिया। इससे पहले विपक्षी सदस्यों ने आरक्षित सीटों पर निर्वाचित सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर प्रांतीय सरकार के साथ गतिरोध के कारण चुनाव स्थगित करने की याचिका दायर की गई। इसके बाद आयोग ने यह घोषणा की।

फिलहाल नेशनल असेंबली और दो प्रांतीय विधानसभाओं में सीनेट की रिक्त सीटों के लिए मतदान चल रहा है। नेशनल असेंबली, पंजाब असेंबली और सिंध असेंबली में मतदान सुबह 9 बजे शुरू हुआ और शाम 4 बजे खत्म हो गया। बलूचिस्तान में सभी 11 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं।

## इजराइल ने छह माह की सैन्य कार्रवाई के बाद खाली किया अल शिफा अस्पताल, 200 से अधिक आतंकी मारे गए

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने सोमवार को दो हफ्ते की कार्रवाई के बाद गाजा पट्टी के सबसे बड़े अल शिफा अस्पताल को खाली कर दिया है। करीब छह महीने से जारी युद्ध में इजरायली सेना दूसरी बार गाजा सिटी के इस अस्पताल में घुसी थी और वहां पर उसने हमास व इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

इजराइली सेना के अनुसार ताजा कार्रवाई में 200 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं, जबकि 500 को गिरफ्तार किया गया है। हमास ने अस्पताल के भीतर और आसपास मारे गए लोगों का आंकड़ा 400 बताया है। कहा है कि गाजा के सबसे बड़े अस्पताल को इजरायली सेना ने बर्बाद कर दिया है। इजराइली सेना ने बताया है कि दो हफ्ते की कार्रवाई में सैकड़ों आतंकियों को मारा गया और गिरफ्तार किया गया है। बड़ी मात्रा में हथियार और खुफिया दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

कार्रवाई में इजराइली के दो जवान भी मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। इस दौरान आमजनों, मरीजों और चिकित्सा कर्मियों को बचाने की अधिकतम कोशिश की गई। जबकि हमास के मीडिया ने बताया है कि इजराइली सेना द्वारा मारे गए 400 लोगों में एक बुजुर्ग महिला डॉक्टर और उनका डाक्टर बेटा शामिल हैं। दो लोगों को फांसी देकर मारा गया है। इतना ही नहीं अस्पताल की इमारत का अंदरूनी भाग जला दिया गया है और कई निमार्णों को बुलडोजर से ढहा दिया गया है।

युद्ध के दौरान इजराइली बमबारी और गोलाबारी के कारण बेघर हुए दसियों हजार लोगों ने अल शिफा अस्पताल के परिसर में शरण ले रखी थी। इजराइली कार्रवाई में उनमें से कई के मारे जाने और गिरफ्तार होने की सूचना है। बताया गया है कि कार्रवाई के चलते ज्यादातर लोग ठिकाना छोड़ गए हैं और अब अस्पताल में पुरानी चीजों का अंबार लगा हुआ है। इजराइली सेना की कार्रवाई गाजा के कई इलाकों में जारी है। इस कार्रवाई में सोमवार को 63 लोग मारे गए जबकि बीते छह महीनों में करीब 33 हजार लोग मरे हैं।

# जर्मनी में गांजा रखने और भांग के तीन पौधे उगाने की मंजूरी

तीखे विरोध के बावजूद जर्मनी ने वयस्कों को 25 ग्राम गांजा रखने की मंजूरी दे दी है. स्वास्थ्य मंत्री ने इसे "वर्जना" से बाहर निकलने वाला कदम बताया है.

जर्मनी, यूरोपीय संघ में गांजे के इस्तेमाल को कानूनी मंजूरी देने वाला सबसे बड़ा देश बन गया है. विपक्ष और मेडिकल एसोसिएशनों के तीखे विरोध के बावजूद 1 अप्रैल 2024 से यह मंजूरी लागू हो गई है. इस मौके पर देश की राजधानी बर्लिन के मशहूर ब्रांडेनबुर्ग गेट पर सरकार के फैसले का स्वागत करने के लिए करीब 1,500 लोग जुटे. इस दौरान कुछ हुक्के और चिलम के साथ जश्न मनाते दिखाई पड़े. 25 साल के नियाजी कहते हैं, "यह थोड़ी और आजादी है. अब मैं दबाव महसूस नहीं करुंगा."

नए कानून के तहत 18 साल से अधिक उम्र के लोग अब 25 ग्राम सूखी कैनाबिस (गांजा) रख सकेंगे. इसके साथ ही घर पर भांग के तीन पौधे उगाने को भी मंजूदी दी गई है. जर्मनी के स्वास्थ्य मंत्री कार्ल लाउटरबाख ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा कि गांजे के सेवन को "वर्जना के दायरे" से बाहर निकाल दिया गया है. स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, नया कानून "लत के खिलाफ असल में मददगार होगा, बच्चों व युवाओं का बचाव करेगा और काले बाजार से भी लड़ेगा."



इन बदलावों के साथ जर्मनी, यूरोप में भांग के इस्तेमाल को लेकर उदार देशों की सूची आ गया है. माल्टा और लक्जमबर्ग में 2021 और 2023 से गांजे के इस्तेमाल को मंजूरी मिली हुई है. नीदरलैंड्स की सरकार भी लंबे समय से चरस और गांजे को लेकर उदार नीति अपनाती रही है. लेकिन हाल के समय में इन मादक पदार्थों से जुड़े पर्यटन पर वह नकेल कस रही है.

**गांजा बेचने का जर्मन सिस्टम**

कानूनी बदलाव के अगले चरण में, 1 जुलाई से जर्मनी में कैनाबिस क्लबों से कानूनी रूप से गांजा खरीदने की अनुमति दी जाएगी. जर्मन कैनाबिस एसोसिएशन के डायरेक्टर गेयोर्ग वुर्थ के मुताबिक, आने वाले दिनों में रेग्युलेटेड एसोसिएशन बनाए जाएंगे. एक एसोसिएशन में सदस्यों की संख्या 500 तक होगी और वे हर सदस्य को महीने में 50 ग्राम गांजा दे सकेंगी. जर्मन सरकार पहले लाइसेंसी दुकानों के जरिए गांजा बेचने की तैयारी कर रही थी, लेकिन यूरोपीय संघ के विरोध के चलते इस योजना को रद्द करना पड़ा.

गांजे से जुड़े पुराने अपराधों में कानूनी माफी देने की प्रक्रिया आने वाले दिनों में न्यायिक तंत्र के लिए सिरदर्द बन सकती है. जर्मन जज एसोसिएशन के मुताबिक, दो लाख से ज्यादा मामलों में माफी दी जा सकती है, लेकिन यह प्रक्रिया न्यायिक व्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ डालेगी. जर्मनी के न्याय मंत्री मार्को बुशमन मानते हैं कि शुरूआत में न्यायिक ढांचे पर ज्यादा बोझ पड़ेगा. वह उम्मीद जताते हैं कि बाद में राह हमेशा के लिए आसान हो जाएगी.

**क्या कहते हैं आलोचक**

जर्मनी की मुख्य विपक्षी पार्टी क्रिश्चन डेमोक्रैट यूनियन (सीडीयू) के नेता फ्रिडरिष मेर्त्स ने एलान किया है कि 2025 के चुनावों के बाद अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई, तो इस कानून को तुरंत रद्द कर किया जाएगा.

मेडिकल संगठनों ने भी सरकार और गांजे के प्रति इस नीति की आलोचना की है. विशेषज्ञों का कहना है कि गांजे के कारण किशोरों का दिमागी विकास व केंद्रीय तंत्रिका तंत्र प्रभावित हो सकता है. बर्लिन में गांजे की लत से बाहर आने वाले युवाओं की मदद करने वाली कात्या जीडेल के मुताबिक, "हमारे नजरिए से देखें, तो यह कानून एक लिखित त्रासदी है."

स्वास्थ्य मंत्री लाउटरबाख खुद एक डॉक्टर हैं. वह खुद भी स्वीकार कर चुके हैं कि युवाओं के लिए गांजे के कश घातक हो सकते हैं. इसके बावजूद उनकी सरकार का कहना है कि वह गांजे के प्रति जागरुकता और इसके संभावित खतरों को लेकर एक व्यापक जानकारी अभियान चलाएगी. सरकार ने यह भी दावा किया है कि स्कूलों, किंडरगार्टनों और प्लेग्राउंड्स के आस-पास गांजे की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी.



## वोट तो मांगने आ जाते है पर विकास के नाम पर मुँह छिपा लेते है प्रतिनिधि

पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत स्तिथ ग्राम बालापूरा वार्ड क्रमांक 60 के समस्त ग्रामवंसियों को इस समय भारी परेशानी से जूझना पड़ रहा है, आपको बता दे कि हाइवे रोड से मात्र 1.5द्मद्व दूर है यें गाँव जो की स्मार्ट सिटी ग्वालियर से बहुत ही नज़दीक में आता है, जब बरसात का समय आता है तब यहाँ रोड से निकलने में इतनी परेशानी होती है कि पूछो मत हालांकि इसकी जानकारी नेताओ को भी दे चुके है पर नेता सिर्फ बोट मांगने आते है उसके बाद विकास की बारी आती है तो मुँह छिपा लेते है, जिसको लेकर ग्रामवाशियो ने अपनी समस्या जाहिर की है।

## महारानी ने खाया सत्तू, उनकी सरलता की क़याल हुईं महिलाएँ

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे





गुना। बमौरी विधानसभा के म्याना कस्बे में पहुँची ग्वालियर राजघराने की महारानी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया का सहज और सरल रूप देखकर कार्यक्रम में उपस्थित हज़ारों महिलाएँ उनकी कायल हो गईं जब उन्होंने ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किया गया सत्तू बड़े चाव से खाया और उपस्थित अन्य महिलाओं को खिलाया भी।वे म्याना में आयोजित मातृ शक्ति सम्मेलन में शामिल होने पहुँची थी साथ ही उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने पति केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।अच्छी ख़ासी गर्मी होने हुए भी अपनी महारानी की एक झलक पाने एवं उन्हें सुनने हज़ारों की संख्या में उपस्थित रहीं।श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछ्ले दस साल में महिला सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाये हैं अब आपकी बारी है अपने महाराज साहब और प्रधानमंत्री जी के हाथों को मज़बूत बनाये और भारत देश को विश्वगुरु बनाने के लिए लोकतंत्र के इस महायज्ञ में सभी महिलाओं वोट के रूप में अपनी आहुति दें। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, भाजपा ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, महिला अध्यक्ष श्रीमती राजेश राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका लुंबा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दामोदर शर्मा,शुभम् सोनी आदि उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया जनपद शिक्षा केन्द्र गोगांवा का आकस्मिक निरीक्षण कार्यालय से गायब मिले 04 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

खरगोन जिले से मुन्ना खान
ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.के. कानुडे ने 03 अप्रैल को जनपद शिक्षा केंद्र गोगांवा का आकस्मिक किया। निरीक्षण के दौरान 04 कर्मचारी बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। जिस पर इन कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानुडे 3 अप्रैल को प्रातः 11 बजे जनपद शिक्षा केंद्र गोगांवा पहुंचे थे। कार्यालय के निरीक्षण के दौरान एम.आर.सी. गोपाल राठौर, बी.ए.सी. प्रभु मोरे, लेखापन श्रीमती अंतिम कलमे एवं श्री राजेश मैना बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय की उपस्थिति पंजी में उनके हस्ताक्षर भी नहीं पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानुडे ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है और 03 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इन चारों कर्मचारियों के विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार रहेंगे।

## बटर चिकन में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाया, सोने की चेन पेंडल, मोबाइल सहित बाइक ले गया

*ग्वालियर। ग्वालियर में एक फौजी को ट्रेन में मदद करना भारी पड़ गया। जिस युवक की फौजी ने परेशान समझ कर मदद की थी वह उनसे मिलने उनके घर आ पहुंचा और ठंडा पानी लेने के लिए भेज दिया और मौका पाकर उसके खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। इसके बाद वह उनकी छह तोला वजनी सोने की चेन में लटका द्य लॉकेट सहित, एक बाइक और मोबाइल लेकर फरार हो गया। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के धर्मवीर नगर की है। घटना के बाद जब पीड़ित को होश आया तो वह थाने पहुंचा लेकिन पुलिस उसे हर बार अटैक करती रही लेकिन फौजी ने हिम्मत नहीं हारी और करीब और शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।*



## ग्वालियर में बेटे ने पैसे नहीं देने पर पीट-पीट कर की पिता की हत्या, गिरफ्तार

**ग्वालियर।** जिले के अलग-अलग दो इलाकों में हुई हत्याओं के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपितों को जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार एक मामले में आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पांच हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। इसमें विशेष टीम गठित करने के बाद टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी और फिर आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। चंदेरा थाना क्षेत्र में हुई एक हत्या का पुत्र ही हत्यारा निकला। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि दिगौड़ा थाना क्षेत्र के पचगईया गांव निवासी 42 वर्षीय पप्पू अहिरवार ने 2 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि उसका चचेरा भाई फूलचंद अहिरवार गांव में किराने की दुकान चलाता था। 29 मार्च को दुकान पर गांव का सरमन अहिरवार उधारी में किराने का सामान लेने आया। जब फूलचंद ने उधार सामान देने से मना किया, तो सरमन ने लाठी डंडों के साथ उसके साथ मारपीट कर दी। गंभीर हालत में फूलचंद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां 1 अप्रैल को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। फूलचंद की मौत के बाद पुलिस ने आरोपित सरमन के खिलाफ धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया था। अब आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

## ग्वालियर-चंबल में विधानसभा में मजबूत, लेकिन लोकसभा चुनाव में कमजोर हो जाती है कांग्रेस




ग्वालियर। विधानसभा चुनाव की अपेक्षा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की चुनौती ग्वालियर-चंबल अंचल में कमजोर नजर आती है। जबकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से भाजपा को बराबर की टक्कर मिलती है। राजनीतिक विश्लेषक इसकी प्रमुख वजह ग्वालियर, भिंड व मुरैना लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों को स्थानीय नेताओं का कोई सहयोग नहीं मिलना मानते हैं। स्थानीय कांग्रेसी राजनीति तो क्षेत्र में करते है, लेकिन राजनीतिक आश्रय दाताओं के क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के लिए पलायन कर जाते हैं।इस चुनाव से पहले ग्वालियर, भिंड व मुरैना के प्रमुख कांग्रेसी महल की गुड बुक में आने के लिए गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने के लिए जाते थे। अब राघौगढ़ के दरबार में अपने नंबर बढ़वाने के लिए राजगढ़ जाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां से दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के गर्त में जाने का एक कारण यह भी माना जाता है कि कांग्रेस अब विचारधारा आधारित पार्टी न होकर व्यक्ति आधारित पार्टी हो गई है। कांग्रेस में संगठन से अधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति विशेष होता है। क्योंकि कांग्रेस में संगठन स्तर पर जिम्मेदारी सौंपने से लेकर टिकट तक स्थानीय क्षत्रपों की पसंद को आधार मानकर दिए जाते हैं। इसलिए कांग्रेस में व्यक्ति पूजा का महत्व अब चरम पर पहुंच गया है। ग्वालियर, मुरैना व भिंड लोकसभा क्षेत्र से प्रमुख कांग्रेसी महल में अपने नंबर बढ़वाने के लिए गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में प्रचार के लिए जाते थे और बाकायदा अपना पैसा खर्च कर कैंप करते थे। इन कांग्रेसियों के दूसरे क्षेत्रों में प्रचार के लिए जाने के कारण पार्टी प्रत्याशियों को स्थानीय नेताओं का सहयोग नहीं मिल पाता था। कांग्रेस की इसी कमजोरी का लाभ उठाकर भाजपा ने अंचल के लोकसभा क्षेत्रों में अपनी जड़ें मजबूत कर लीं। सिंधिया के साथ उनके क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए जाने वाले समर्थक भी अब भाजपा चले गए हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही थी कि इस बार के लोकसभा चुनाव कांग्रेसी अपने-अपने क्षेत्रों में रहकर चुनाव प्रचार कर पार्टी को मजबूत करेंगे। किंतु इसकी उम्मीद अब कम ही नजर आ रही है।



## ढोल नगाड़े के साथ विदा हुए जीवाजी विश्वविद्यालय के कर्मचारी

### तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा हुए सेवानिवृत्त

पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** जीवाजी विश्वविद्यालय के तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा का विदाई समारोह बुधवार को जीवाजी विवि के गालव सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेयू के लोकपाल प्रो. एस.के.द्विवेदी थे। अध्यक्षता कुलसचिव अरूण सिंह चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा विभाग के पूर्व ओएसडी डॉ. सपन पटेल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रो. द्विवेदी ने श्री शर्मा के कार्यकुशल एवं कार्यव्यवहार को याद किया और उनके स्वास्थ्य तथा खुशहाल जीवन बिताने की मंगलकामनाओं के साथ सम्मानित विदाई दी। वहीं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा उनके साथ बिताये गए पलों का स्मरण किया गया। इस दौरान डॉ. राजेश शर्मा के साथ अकुशल स्थायी कर्मी जगदीश सोनी को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय परिवार ने गाजे-बाजे के साथ फूल मालाओं से उनका सम्मान कर उन्हें विदाई दी। विदाई समारोह में मप्र विश्वविद्यालयीन कर्मचारी महासंघ के प्रांताध्यक्ष राकेश गुर्जर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश नायक, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अरविंद भदौरिया, तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद माठे, गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सिंह भदौरिया, स्थाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष तहसीलदार सिंह कंसाना, सचिव लोकेश चतुर्वेदी आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीरवी समाज सेवा संस्था करजाड़े आई माता मंदिर में शीतला माता को लगाया ठंडे पकवानों का भोग

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



मुम्बई। प्रवासी राजस्थानी महिलाएं एकत्र होकर हाथों में पूजा की थाली लिए मंगल गीत गाती हुई नजदीक स्थित आई माता मंदिर करजाड़े पहुंची। इस दौरान छतीष कौम की महिलाओं ने गीत गाते हुए शीतला माता से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शीतला माता की पूजा-अर्चनाकर माता को ठंडे पकवानों का भोग लगाया। पुआ, पापड़ी, रायता, राबड़ी, समेत कई प्रकार के व्यंजन माता को परोसे। समाज सेवक विनोद ने बताया कि शीतला माता की पूजा के दौरान घरों में चूल्हे नही जलाए गए। लोगों ने एक दिन पहले रसोई घर में तैयार किए व्यंजन का प्रसाद ग्रहण किया।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**अवैध शराब का परिवहन करते 01 आरोपी गिरफ्तार, गिरफ्तार शुदा आरोपी है पूर्व से है जिला बदर, गिरफ्तार आरोपी पर की गई धारा 34(2) आबकारी अधिनियम व रासुका की धारा 14 के तहत कार्यवाही, आरोपी के कब्जे से 225 लीटर अवैध शराब कीमत लगभग 1,15,250/- रुपये की जप्त, परिवहन मे उपयोग की गई स्विफ्ट कार कीमत लगभग 2,50,000/- रुपये जप्त, कुल जप्तशुदा मशरुके की कीमत लगभग 3,65,250/- रुपये**

खरगोन जिले से मुन्ना खान
ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री अतुल सिंह द्वारा अवैध शराब निर्माण, बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना मेनगाँव चौकी जैतापुर पर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:**-दिनांक 03.04.24 को थाना मेनगाँव चौकी जैतापुर पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, अग्रेजी शराब की ब्लेकरी करने वाला जिला बदर अश्विन दुबे हरे रंग की टी-शर्ट पहने एक बिना नंबर की सफेद स्वीफ्ट कार से शराब की पेटीया लेकर नागझिंरी तरफ जाने वाला है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया गया । पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार सफेद रंग की बिना नंबर वाली एक कार राजपुरा रोड तरफ से नागझिरी तरफ आती हुई दिखाई दी जिसे हमराह पुलिस फोर्स की मदद से रोका गया । पुलिस टीम के द्वारा ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अश्विन पिता प्रेमचंद दुबे जाति ब्राह्मण उम्र 42 साल निवासी गुरवा दरवाजा मार्ग कलाली मोहल्ला खरगोन का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा रोकी गई कार को चेक करने पर कार की पिछली सीट पर व डिक्की मे कार्टून रखे हुए थे, जिन्हे खोल कर देखने पर उसमे देशी व विदेशी शराब से भरे होना पाया गया । आरोपी अश्विन पिता प्रेमचंद के कब्जे से मौके पर अवैध शराब के परिवहन में उपयोग की गई कार व कार में भरी हुई अवैध शराब 15 कार्टून अंग्रेजी गोवा व्हीस्की के व 10 कार्टून देशी मदिरा प्लेन कुल 25 पेटी जिसमे 225 लीटर अवैध शराब कीमत लगभग 1,15,250/- रुपये व परिवहन मे उपयोग की गई स्विफ्ट कार कीमत लगभग 2,50,000/- रुपये कुल जप्तशुदा मशरुके की कीमत लगभग 3,65,250/- रुपये को विधिवत जप्त किया गया है । आरोपी अश्विन पिता प्रेमचंद को माननीय न्यायालय जिला दंडाधिकारी महोदय जिला खरगोन म.प्र. के आदेश क्रमांक वाचक-1/2024, दिनांक 20/03/24 से 03 माह के लिए जिला बदर किया गया था । उक्त कृत्य पर से आरोपी अश्विन पिता प्रेमचंद के विरुद्ध थाना मेनगाँव चौकी जैतापुर पर अपराध 141/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट व धारा 14 राष्टीय सुरक्षा कानून के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।



### आबकारी अधिनियम

**पुलिस टीम** -उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री रोहित लखारे के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी मेनगाँव निरीक्षक श्री बलराम सिंह राठौर व चौकी प्रभारी जैतापुर उनि श्री सुदर्शन कलोसिया के नेतृत्व मे सउनि अनिल तिवारी, प्रआर कालू सिंह, प्रआर मोहन मे?ा, प्रआर विकास, आर 1029 प्रशांत कुमार, आर अजित, आर अमित, आर करण, आर अभय, आर विजय, आर तंवर, म.आर सोनू व सायबर सेल का विशेष योगदान रहा।

### आरोपी का आपराधिक रिकार्ड

| क्रमांक | थाना | अपराध | क्रमांक | धारा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कोतवाली खरगोन | 595/14 | | 13 जुआ एक्ट |
| 2. | मैंनगाँव | 235/17 | 34(1) | आबकारी अधिनियम |
| 3. | मंडलेश्वर | 291/18 | 34(1) | आबकारी अधिनियम |
| 4. | कोतवाली खरगोन | 101/19 | 34(2) | आबकारी अधिनियम |
| 5. | बिस्टान | 312/23 | 304 | ए भादवि |
| 6. | ऊन | 45/24 | 34(2) | |

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478